मनेन्द्रगढ़
03 अगस्त 2025 रविवार
दैनिक मीडियाऑडीटर
मनेन्द्रगढ़, रीवा एवं सतना से एक साथ प्रकाशित



जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड

@ पेज 7

## भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु बोले- फोन भारी लगता है ,इसी महीने भारत लौट सकते हैं



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला ने शुक्रवार को एक ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने 20 दिनों के अंतरिक्ष मिशन और इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (ISS) में 18 दिनों तक रहने के अनुभव साझा किए। शुक्ला ने पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण के साथ फिर से तालमेल बिठाने का अपना अनुभव बताया। उन्होंने कहा- धरती पर लौटने के बाद मैंने फोटो लेने के लिए मोबाइल मांगा। जिस समय मैंने मोबाइल पकड़ा, मुझे लगा वह बहुत भारी है। एक और घटना के बारे में उन्होंने बताया- मैं अपने बिस्तर पर बैठा था। मैंने अपना लैपटॉप बंद किया और बिस्तर से किनारे खिसका दिया। मैंने सोचा वह हवा में तैरता रहेगा। शुक्र है, फर्श पर कालीन बिछी थी इसलिए कोई नुकसान नहीं हुआ। शुभांशु शुक्ला का एक्सियम-4 मिशन 25 जून को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च हुआ था और 15 जुलाई को पृथ्वी पर लौटा था। शुक्ला के अगस्त के दूसरे या तीसरे हफ्ते तक भारत लौटने की उम्मीद है।

## खालिस्तान समर्थक सांसद अमृतपाल डोप टेस्ट के लिए तैयार



**चंडीगढ़,एजेंसी।** असम की डिब्रूगढ़ जेल में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) के तहत बंद खडूर साहिब से सांसद और वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह ने अपने ऊपर लगे नशे के आरोपों पर बड़ा बयान दिया है। उनके वकील इमान सिंह खरा ने मंगलवार को कहा कि अमृतपाल सिंह डोप टेस्ट के लिए पूरी तरह तैयार हैं और चाहते हैं कि वे नेता भी अपना डोप टेस्ट करवाएं जो उन पर नशे के आरोप लगा रहे हैं।यह बयान ऐसे समय में आया है जब पंजाब पुलिस ने अजनाला कोर्ट में दायर चार्जशीट में अमृतपाल सिंह के दो सहयोगियों के बयान पेश किए हैं।

### राहुल बोले- भारत का इलेक्शन सिस्टम मर चुका है:

# लोकसभा चुनावों में अगर 15 सीटों पर धांधली न होती, तो मोदी भारत के प्रधानमंत्री नहीं होते

**नई दिल्ली,एजेंसी।** राहुल गांधी ने पिछले 10 दिनों में तीसरी बार इलेक्शन कमीशन पर निशाना साधा है। राहुल ने शनिवार को कहा, भारत का इलेक्शन सिस्टम मर चुका है। हम आने वाले कुछ दिनों में आपको साबित कर देंगे कि लोकसभा चुनाव में कैसे धांधली हो सकती है और हुई भी।

भारत के पीएम के पास बहुत कम बहुमत है। अगर 10-15 सीटों पर भी धांधली न होती तो वे भारत के प्रधानमंत्री भी नहीं होते। राहुल ने ये बातें दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एनुअल लीगल कॉन्क्लेव- 2025 में कहीं।



इससे पहले राहुल ने 1 अगस्त को कहा था कि, चुनाव आयोग में जो भी वोट चुराने का काम कर रहे हैं, उन्हें हम छोड़ेंगे नहीं। वहीं 24 जुलाई को राहुल बोले थे कि आपके अधिकारी सोचते हैं कि वे बच जाएंगे, तो ये आपकी गलतफहमी है। हम आपको बच के जाने नहीं देंगे।

**राहुल की स्पीच, 4 आरोप लगाए :** 2014 से ही मुझे इलेक्शन सिस्टम पर संदेह रहा है। भाजपा का इतनी बड़ी जीत हासिल करना आश्चर्यजनक था। मैं बिना सबूत के कुछ नहीं कह सकता था, लेकिन अब मैं बिना किसी संदेह के कहता हूं कि हमारे पास सबूत हैं।

लोकसभा में, हम चुनाव जीते। और फिर चार महीने बाद, हम न केवल हारे, बल्कि पूरी तरह से खत्म हो गए। हमने पाया कि महाराष्ट्र में, लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच एक करोड़ नए मतदाता जुड़े। इनमें से ज्यादातर वोट भाजपा को जाते हैं।

संविधान की रक्षा करने वाली संस्था को मिटाकर उस पर कब्जा कर लिया गया है। हमारे पास ऐसे सबूत हैं जो पूरे देश को दिखा देंगे कि चुनाव आयोग जैसी संस्था का कोई अस्तित्व ही नहीं है। यह गायब हो गई है।

चुनाव आयोग जैसी संस्था ठीक से काम नहीं करती। आपको जानकर हैरानी होगी कि चुनाव आयोग जो दस्तावेज उपलब्ध कराता है, उन्हें स्कैन या कॉपी नहीं किया जा सकता। चुनाव आयोग मतदाता सूची पर स्कैन और कॉपी प्रोटेक्शन क्यों लागू करता है?

### मेरा और पत्नी का नाम वोटर लिस्ट से कटा

## तेजस्वी बोले- चुनाव आयोग धांधली कर रहा ; 2 गुजराती जो कहेंगे आयोग करेगा



**पटना,एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का नाम वोटर लिस्ट से कट गया है। इसकी जानकारी खुद तेजस्वी यादव ने शनिवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी है। उन्होंने कहा, BLO आई थीं और हमारा सत्यापन करके गई हैं। फिर भी मतदाता सूची में नाम नहीं है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में तेजस्वी यादव ने अपना वोटर आईडी कार्ड जारी किया। वोटर लिस्ट में अपना नाम देखने के लिए EPIC नंबर डाला, जिसके रिजल्ट में लिखा आया- NO RECORDS FOUND। तेजस्वी ने ये पूरी प्रोसेस स्क्रीन पर दिखाई। चुनाव आयोग की नई वोटर लिस्ट पर सवाल उठाते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा, करीब हर विधानसभा से 20 से 30 हजार नाम काटे गए हैं। कुल 65 लाख के करीब यानी 8.5% के करीब मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। चुनाव आयोग जब भी कोई विज्ञापन देता था, तो उसमें बताया जाता था कि इतने शिफ्ट हो गए, इतने लोग मृत हैं और इतने लोगों के दोहरे नाम हैं, लेकिन चुनाव आयोग ने हमें जो सूची उपलब्ध करवाई है, उसमें उन्होंने चालाकी दिखाते हुए किसी मतदाता का पता नहीं दिया।

**2 गुजराती जो कहेंगे आयोग करेगा :** तेजस्वी यादव ने कहा, चुनाव आयोग धांधली कर रहा है। ये गोदी आयोग बन गया है। बिना राजनीतिक दल को विश्वास में लिए इसे कराया गया। आयोग ने हमारी मांग पर कोई सुनवाई नहीं की। सुप्रीम कोर्ट के सुझाव की भी अनदेखी की गई। हमलोगों ने शुरू से कहा था कि इसमें गरीबों के नाम कटेंगे। चुनाव आयोग ने इसकी प्रक्रिया पूरी की है। आयोग अपनी ही बातों से मुकर गया। कहा गया था कि जिसके नाम कटेंगे उनकी जानकारी दी जाएगी। ये जानकारी चुनाव आयोग को राजनीतिक पार्टियों को देनी थी।

### आयोग ने सूची जारी कर किया खंडन

राजद नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को चुनाव आयोग पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि मेरा नाम मतदाता सूची में नहीं है। मैं चुनाव कैसे लड़ूंगा? तेजस्वी ने चुनाव के एप को दिखाते हुए कहा कि उनके ईपीआईसी नंबर को सर्च करने पर उनका नाम मतदाता सूची में नहीं आ रहा है। हालांकि, निर्वाचन आयोग ने तुरंत ही तेजस्वी के दावों को सिरे से खारिज कर दिया। चुनाव आयोग ने कहा कि उनका नाम मतदाता सूची प्रारूप में है। आयोग ने एक मतदान केंद्र की सूची जारी की, जिसमें तेजस्वी का नाम 416वें नंबर पर उनकी तस्वीर के साथ मौजूद है।

## कश्मीर के कुलगाम में दो आतंकी ढेर:इनमें एक 14 टेररिस्ट की हिट-लिस्ट में था

### सरकार ने पहलगाम हमले के बाद नाम जारी किए थे



**श्रीनगर,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में कुलगाम के अखल जंगल में सुरक्षाबलों ने शनिवार को दो आतंकवादियों को मार गिराया है। इनमें एक का शव भी बरामद हुआ है। उसकी पहचान पुलवामा के हारिस नजीर डार के रूप में हुई है। हालांकि, दूसरे की पहचान अभी सामने नहीं आई है। हारिस सी-कैटेगरी का आतंकी था। वह उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम सरकार ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किए थे। उसके पास से एके-47 राइफल, मैगजीन और ग्रेनेड और गोला-बारूद बरामद हुआ है। कुलगाम में कल रात से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच फायरिंग हो रही है। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और CRPF ऑपरेशन अखल को अंजाम दे रहे हैं। अभी और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। ऑपरेशन अभी भी जारी है। हालांकि, सेना की तरफ से अभी आतंकी की पहचान उजागर नहीं की गई है। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, अधिकारियों ने बताया कि मारे गए आतंकियों की पहचान और उनके ग्रुप का पता लगाया जा रहा है।

**कुलगाम में सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने फायरिंग की :** एक अधिकारी ने बताया कि इलाके में आतंकी गतिविधि की गुप्त सूचना मिलने के बाद शनिवार को सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। जंगल में कुल कितने आतंकी छिपे हैं, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए इलाके में और सिक्योरिटी फोर्सेज को भेजा गया है। जम्मू-कश्मीर में इस हफ्ते की यह तीसरी मुठभेड़ है। इससे पहले, 28 जुलाई को सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन महादेव के तहत, लिडवास के जंगलों में पहलगाम हमले में शामिल 3 आतंकियों को मारा था। 31 जुलाई को पुंछ में LoC के पास दो और आतंकी घुसपैठ के दौरान मारे गए थे।

# रात की पार्टियों में नहीं जाना, रेप-गैंगरेप हो सकता है

### ● अहमदाबाद में ट्रैफिक पुलिस ने लगवाए विवादास्पद पोस्टर्स, किरकिरी होने पर हटाए




**अहमदाबाद,एजेंसी।** रात की पार्टियों में नहीं जाना, रेप-गैंगरेप हो सकता है... दोस्तों के साथ अंधेरे, सुनसान इलाकों में न जाएं। सामूहिक बलात्कार हो सकता है... ये विवादास्पद शब्द लिखे पोस्टर्स शुक्रवार की सुबह अहमदाबाद की सड़कों पर नजर आए थे। हालांकि, विवाद होने पर कुछ देर बाद ही ये हटा दिए गए थे।

ट्रैफिक पुलिस ने दी सफाई विवाद के बाद डीसीपी ट्रैफिक सफीन हसन ने कहा कि इन पोस्टर्स से अहमदाबाद शहर पुलिस को कोई लेना-देना नहीं है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा एक एनजीओ को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के पोस्टर्स लगाने की अनुमति है। एनजीओ को सिर्फ रोड सेफ्टी के बैनर और पोस्टर लगाने की स्वीकृति थी, लेकिन महिला सुरक्षा को लेकर ऐसे पोस्टर्स लगाए जाना पूरी तरह से गलत हैं।

डीसीपी सफीन हसन के मुताबिक, इस मुद्दे पर पुलिस आयुक्त जीएस मलिक ने कड़ा संज्ञान लिया है। सोला पुलिस थाने में इस संबंध में शिकायत भी दर्ज की गई। इसमें जांच की जाएगी कि एनजीओ ने किसकी परमिशन के बाद ये पोस्टर्स को अहमदाबाद की सड़कों पर लगाए थे।

राजनीतिक दलों ने भी सरकार को घेरा आम आदमी पार्टी,क्क के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. करण बारोट ने मीडिया से कहा- अहमदाबाद जब देश का सबसे सुरक्षित शहर है तो फिर इस तरह के पोस्टर क्यों लगाए गए? क्या सरकार लोगों को सुरक्षा प्रदान नहीं कर सकती है?

वहीं, गुजरात कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित चावड़ा ने एक्स पर लिखा- राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के अधीन गृह विभाग और पुलिस, की अनुमति से गुजरात की बेटियों का सार्वजनिक रूप से अपमानित किया जा रहा है। अपनी नाकामी स्वीकार कर रहे हैं कि गुजरात में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं।

शर्म आनी चाहिए। देर रात तक अकेले गरबा खेलने और बेखौफ घर आने पर गर्व करने वाली गुजरात सरकार अब पुलिस को यह बताकर पूरे गुजरात में पोस्टर लगवा रही है कि गुजरात में बेटियों की सुरक्षा नहीं है, आपको खुद उनकी सुरक्षा करनी होगी।

### शिवलिंग पर बिच्छू' टिप्पणी मामले में थरूर को राहत

## सुप्रीम कोर्ट बोला- प्रशासक और जज एक जैसे, दोनों की चमड़ी मोटी; 2018 का है मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर शिवलिंग पर बिच्छू वाली टिप्पणी के मामले सांसद शशि थरूर को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली। कोर्ट ने शुक्रवार को कहा- थरूर के खिलाफ चल रही मानहानि की कार्रवाई पर रोक को आगे बढ़ाया गया है। सुनवाई 15 सितंबर तक टाली गई है। शिकायतकर्ता और भाजपा नेता राजीव बब्बर ने गैर-सामान्य दिन पर सुनवाई की मांग की। इस पर जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन दौरान सिंह की बेंच ने कहा- इतना संवेदनशील क्यों हो रहे हैं?



### बेंच ने कहा...

आइए हम सब इन चीजों को बंद कर दें। एक तरह से प्रशासक और न्यायाधीश एक ही समूह में आते हैं। उनकी चमड़ी मोटी होती है, ऐसी चीजों से कोई फर्क नहीं पड़ता।

### 2018 में एक कार्यक्रम में की थी टिप्पणी

थरूर ने शिवलिंग पर बिच्छू वाली टिप्पणी 2018 में एक कार्यक्रम के दौरान की थी। वे बेंगलुरु में लिटरेचर फेस्टिवल में शामिल हुए थे। अपनी किताब द पेराडॉक्सियल प्राइम मिनिस्टर के बारे में चर्चा की थी। एक पत्रकार के वाल पर उन्होंने कहा था- नरेंद्र मोदी ञ्स्स के लिए शिवलिंग पर बैठे उस बिच्छू की तरह हैं, जिसे न हाथ से हटाया जा सकता है और न ही चप्पल से मारा जा सकता है। अगर हाथ से हटाया तो बुरी तरह से काट लेगा।

### काशी में मोदी बोले- सिंदूर के बदले का वचन पूरा

# टैरिफ वॉर के बीच कहा- वही खरीदेंगे-बेचेंगे जिसे बनाने में भारतीय का पसीना बहा

**वाराणसी, एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने काशी में कहा- मैंने बेटियों के सिंदूर का बदला लेने के लिए जो वचन दिया था, वो पूरा हो गया। ये महादेव के आशीर्वाद से ही पूरा हुआ। मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को उनके चरणों में समर्पित करता हूं। अगर पाकिस्तान ने फिर कोई पाप किया तो हमारी मिसाइलें आतंकियों को तबाह कर देंगीं। उन्होंने कहा- भारत पर वार करने वाला दुश्मन पाताल में भी नहीं बचेगा। ऑपरेशन सिंदूर में भारत के स्वेदशी हथियारों की ताकत पूरी दुनिया ने देखीं। ड्रोन, मिसाइलें, एयर डिफेंस ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत को साबित किया है। पाकिस्तान में तो इतना खौफ है कि ब्रह्मोस की आवाज भी आ जाए तो पाकिस्तान को नींद नहीं आती है।

पीएम ने अमेरिका का बिना नाम लिए टैरिफ पर भी बयान दिया। कहा- हम उन चीजों को खरीदेंगे,



जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है। हमें वोकल फॉर लोकल मंत्र को अपनाना होगा। हम संकल्प लें कि मेक इन इंडिया प्रोडक्ट को बढ़ावा देंगे।

हमारे घर में जो भी नया सामान आया, वो स्वदेशी ही होगा। ये जिम्मेदारी हर नागरिक को ही लेनी होगी। मैं दुकानदार भाइयों से आग्रह करता हूं, जब दुनिया इस तरह की अस्थिरता से गुजर रही है तो हम सिर्फ स्वदेशी माल ही बेचेंगे।

पीएम ने 54 मिनट तक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने काशी में 2,200 करोड़ रुपए के 52 प्रोजेक्ट लॉन्च किए। साथ ही देशभर के किसानों के लिए सम्मान निधि की 20वीं किस्त के 20,500 करोड़ रुपए जारी किए। यह मोदी का प्रधानमंत्री रहते 51वां और तीसरे कार्यकाल में तीसरा दौरा है।

### कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर को तमाशा कहा

कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर को तमाशा कहा है। क्या सिंदूर को कोई तमाशा कह सकता है। हमारी सेना का पराक्रम और बहनों के सिंदूर का बदला... तमाशा कहने की ये हिम्मत...ये निर्लज्जता...वोटबैंक और तुष्टीकरण की इस राजनीति में सपा भी पीछे नहीं है। सपा के नेता संसद में कह रहे थे कि पहलगाम के आतंकियों को अभी क्यों मारा? अब बताइए, मैं फोन करके इनसे पूछूं। ये वही लोग हैं जब यूपी में सत्ता में थे तो आतंकियों को क्लीनचिट देते थे। बम धमाके करने वालों से मुकदमे वापस लेते थे।

### ये नया भारत, दुश्मनों के लिए काल भैरव बन जाता है

मैं काशी की धरती से कहना चाहता हूं। ये नया भारत है। भोलेनाथ को भी पूजता है। दुश्मनों के सामने काल भैरव भी बन जाता है। विरोधी संसद में कह रहे थे कि पहलगाम के आतंकियों को क्यों मारा? क्या सपा वालों को फोन करूं क्या? क्या आतंकियों को भागने का मौका देना चाहिए था?

### कांग्रेस-सपा वाले आतंकियों की हालत देखकर रोते हैं...

पाकिस्तान के कई सारे एयरबेस आज भी ICU में पड़े हैं। पाकिस्तान दुखी है। ये तो सब कोई समझ सकता है, लेकिन पाकिस्तान का ये दुख सपा और कांग्रेस से सहन नहीं हो रहा। उधर, आतंक का आका रोता है। इधर कांग्रेस-सपा वाले आतंकियों की हालत देखकर रोते हैं। कांग्रेस हमारी सेनाओं के पराक्रम का लगातार अपमान कर रही है।

### हिमाचल में लैंडस्लाइड, मनाली-लेह हाईवे बंद:

## जम्मू-कश्मीर में चट्टान गिरने से अफसर-बेटे की मौत; राजस्थान के 11 जिलों में स्कूल बंद

**नई दिल्ली/ भोपाल/ लखनऊ ,एजेंसी।** पहाड़ों पर मानसून की बारिश आफत लेकर आई है। हिमाचल प्रदेश में लगातार बारिश से शनिवार सुबह मनाली में लैंडस्लाइड हुई। इससे चंडीगढ़-मनाली-लेह नेशनल हाईवे (NH-3) और सोलंगनाला से अटल टनल की ओर जाने वाला रास्ता बंद है। पिछले 3 दिन की भारी बारिश से कुल 289 सड़कें प्रभावित हुई हैं। जम्मू-कश्मीर में भी लगातार बारिश जारी है। कल रात रियासी जिले में एक सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट (SDM) की कार लैंडस्लाइड की चपेट में आ गई। उनकी कार पर अचानक चट्टान गिर गई। हादसे में स्ष्ठरूऔर उनके बेटे की मौत हो गई। उनकी पत्नी और दो अन्य लोग घायल हो गए।







भारी बारिश के कारण अमरनाथ यात्रा भी 3 अगस्त तक रोक दी गई है। यात्रा के दोनों मार्गों पहलगाम और बालटाल पर मरम्मत का काम जारी है। बीते दिन सुबह बालटाल रूट से यात्रा शुरू की गई थी, लेकिन बाद में बारिश के चलते यात्रा रोक दी गई। राजस्थान में बारिश का दौर आज से रुकने की संभावना है। हालांकि, कई जिलों में बाढ़ का पानी कम नहीं हुआ है। शनिवार को 11 जिलों में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। हनुमानगढ़ और सीकर में बारिश के कारण हादसों में एक बच्ची और युवक की मौत हो गई।

मौसम विभाग ने शनिवार को असम, मेघालय, सिक्किम, पश्चिम बंगाल में बारिश का रेड अलर्ट और बिहार, अरुणाचल प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इनके अलावा मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली समेत 19 राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

# संकट की घड़ी में साथ खड़ी है सरकार, अतिवर्षा से प्रभावितों को मिलेगी हर संभव मदद-खाद्य मंत्री राजपूत



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री एवं गुना जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रभार के जिले गुना के ग्राम फतेहगढ़ में अतिवर्षा एवं बाढ़ से प्रभावित लोगों से भेंट कर हालचाल जाना और भरोसा दिलाया कि प्रशासन द्वारा हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर सभी प्रकार की क्षति का शत-प्रतिशत सर्वे कराकर मुआवजा राशि दिलाई जाएगी।

खाद्य मंत्री ने शासकीय बालक आदिवासी आश्रम, फतेहगढ़ में स्थानीय जनों से चर्चा करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया स्वयं स्थिति की सतत निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के आवास, फसल, घरेलू सामग्री और अन्य संपत्ति को नुकसान पहुंचा है, उसका सर्वे कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। सर्वे उपरांत प्रत्येक प्रभावित परिवार को 50-50 किलो गेहूं उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही खराब हुई सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराई जाएगी। राजपूत ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से बिजली, पानी और राशन वितरण की स्थिति की जानकारी ली तथा सर्वे कार्य शीघ्र पूर्ण कर मुआवजा वितरण के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सरकार संकट की इस घड़ी में प्रभावितों के साथ है और कोई भी पीड़ित सहायता से वंचित नहीं रहेगा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया, जनप्रतिनिधि कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## नशामुक्ति अभियान में छह करोड़ से अधिक लोगों के जुड़ने से विश्व रिकॉर्ड बना

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस के नशे के विरुद्ध 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चले 'नशे से दूरी-है जरूरी' राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान में सर्वाधिक लोगों के जुड़ने का विश्व रिकॉर्ड बना है। प्रदेश के 57 जिलों के 1175 थानों द्वारा संचालित इस अभियान में लगभग 23 लाख लोगों ने प्रत्यक्ष सहभागिता और सोशल मीडिया से 6.35 करोड़ लोगों ने सहभागिता की। पुलिस मुख्यालय में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के सीईओ तथा प्रेसीडेंट संतोष शुक्ला ने पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा और एडीजी नारकोटिक्स केपी व्यंकटेश्वर राव से भेंट कर प्रमाण पत्र प्रदान किया।

## निगम- साफ नहीं किया, ढेर लगा दिया, कंपनी- 6 करोड़ बाकी, तो प्रोसेसिंग बंद

**भोपाल।** जिस आदमपुर छावनी खंती में कचरे की प्रोसेसिंग की दम पर भोपाल स्वच्छ सर्वे में दूसरे नंबर पर आया, वहां कचरे की सफाई को लेकर नई लड़ाई छिड़ गई है। शुक्रवार को खंती पहुंचे निगमायुक्त हरेंद्र नारायण ने कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। कहा कि कंपनी ने कचरा साफ करने की बजाय 5 एकड़ जमीन पर और ढेर लगा दिया। दस महीने में भी सात साल पुराने कचरे की प्रोसेसिंग शुरू नहीं की, जिससे यहां इस साल मार्च में आग लगी और निगम की बदनामी हुई। उधर, कंपनी ने कहा कि पुराने कचरे के वजन को लेकर मतभेद और 6 करोड़ का भुगतान नहीं करने के कारण उन्होंने दस दिन पहले ही काम बंद कर दिया है। दस महीने पहले अक्टूबर 2024 में इंदौर की सुरुज्जा कंपनी को आदमपुर छावनी कचरा खंती में प्रोसेसिंग का काम दिया गया था।

## राजा भोज एयरपोर्ट पर जून के मुकाबले 20 हजार यात्री घटे

**भोपाल।** राजा भोज एयरपोर्ट पर जून के मुकाबले जुलाई में करीब 20 हजार यात्री कम आए। फ्लाइट मूवमेंट लगभग बराबर होने के बाद भी ये हालात बने। वहीं, पिछले साल के जुलाई के महीने से तुलना करें तो यात्री संख्या में करीब 11 हजार की कमी रही। हालांकि, पिछले साल जुलाई में फ्लाइट मूवमेंट इस जुलाई से ज्यादा रही थी। एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा जारी किए गए जुलाई के महीने के आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई। रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई 2025 में 1106 फ्लाइट मूवमेंट हुए और 1 लाख 16 हजार 123 यात्रियों ने आवागमन किया। जबकि जून में 1093 फ्लाइट मूवमेंट में 1 लाख 36 हजार 675 यात्रियों ने आवागमन किया था। मानसूनी सीजन के चलते यात्री संख्या कम रही। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी का कहना है कि अगस्त से यात्री बढ़ने की उम्मीद है।

## अगस्त में 12 अवकाश, सभी छुट्टी पर खुलेंगे बिजली कैश काउंटर

**भोपाल।** अगस्त के महीने में 12 छुट्टियां होंगी। इन सभी अवकाश के दिनों में बिजली कंपनी के कैश काउंटर उपभोक्ताओं के लिए खुले रहेंगे। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि 9 अगस्त (रक्षाबंधन), 16 (जन्माष्टमी), 27 (गणेश चतुर्थी), महीने के सभी शनिवार (2, 23, 30) और सभी रविवार (3, 10, 17, 24, 31 अगस्त) को बिल भुगतान केंद्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह खुले रहेंगे।

उपभोक्ता राजधानी के जोनल ऑफिस में पीओएस मशीन से कैश के जरिए बिजली के बिल का भुगतान कर सकते हैं। वे ऑनलाइन माध्यम से भी बिल भुगतान कर सकते हैं।

# आयुष मंत्री परमार ने वैद्य आपके द्वार योजना ई-संजीवनी पोर्टल का किया शुभारंभ



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने भोपाल स्थित निवास कार्यालय से आयुष विभाग की वैद्य आपके द्वार योजना अंतर्गत ई-संजीवनी पोर्टल (स्वस्थ भारत) का प्रदेश स्तरीय वर्चुअल शुभारम्भ किया। भारत सरकार के निर्देशानुसार यह सुविधा पूरे देश में एक साथ ई-संजीवनी पोर्टल के माध्यम से संचालित हैं और अब सुविधा मध्यप्रदेश में भी प्रारंभ की गई है। आयुष मंत्री परमार ने ई-संजीवनी पोर्टल के शुभारम्भ अवसर पर पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध डॉक्टर से बात कर स्वास्थ्य परामर्श भी प्राप्त किया। उन्होंने आयुष विभाग को शुभकामनाएं एवं बधाई दीं। परमार ने कहा कि आमजन वैद्य आपके द्वार योजना अंतर्गत ई-संजीवनी पोर्टल के माध्यम से नि:शुल्क आयुष चिकित्सा परामर्श लेकर स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। ज्ञातव्य है कि वैद्य आपके द्वार योजना अंतर्गत बेहतर जनस्वास्थ्य के लिए टेलीमेडिसिन ऐप द्वारा मोबाइल पर घर बैठे आयुर्वेद, होम्यापैथी और यूनानी चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। यह आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन से जुड़ा है और बहुभाषी सहायता प्रदान करता है।

# अति-वृष्टि एवं बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में बचाव और राहत कार्य युद्ध स्तर पर जारी : मंत्री विजयवर्गीय

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जानकारी दी है कि प्रदेश में अति-वृष्टि एवं बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रभावित क्षेत्रों में चलाये जा रहे राहत कार्यों की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। मंत्री विजयवर्गीय ने बताया कि प्रदेश में अभी तक औसत 703.33 मि.मी वर्षा हो चुकी है जो सामान्य से 60 प्रतिशत ज्यादा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बारिश बहुत ही कम समय में तेजी से हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कई बार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत बचाव कार्य संबंधी सभी जिला कलेक्टर्स, पुलिस अधिकारियों और राहत कार्य से जुड़े संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव से जुड़े कार्यों में ढिलाई न बरती जाये। नगरीय विकास मंत्री विजयवर्गीय ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एन.डी.आर.एफ) की 5 टीमों में से भोपाल में 2, जबलपुर, ग्वालियर तथा धार में एक-एक टीम तैनात की गई है। इन टीमों के अलावा 3 टीमों को अशोकनगर, श्योपुर तथा ग्वालियर में तैनात किया गया है। एन.डी.आर.एफ द्वारा 2 रेस्क्यू ऑपरेशन में 22 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल (एस.डी.इ.आर.एफ) को बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य के लिये अत्याधुनिक बचाव उपकरण उपलब्ध कराये गये है। प्रदेश के 259 संवेदनशील क्षेत्रों में डिजास्टर रिस्पाँस सेंटर स्थापित किया गया है। इसी के साथ 111 क्विक रिस्पाँस टीम (क्यूआरटी) तैनात की गई है। प्रदेश के 11 जिलों में 3 हजार 300 आपदा मित्र वॉलंटियर्स को प्राथमिक सहायता के लिए प्रशिक्षित किया गया है। राज्य में 80 हजार 375 सिविल डिफेंस वालंटियर को प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षित किये गये वालंटियर्स की सेवाएँ राहत और बचाव कार्यों के लिये ली जा सकेंगी। एसडीईआरएफ द्वारा एक जून से 30 जुलाई 2025 तक 432 रेस्क्यू ऑपरेशन के अंतर्गत 3 हजार 628 व्यक्तियों और 94 मवेशियों का रेस्क्यू किया गया है।

# खेल मंत्री सारंग ने किया राज्य सीनियर फिडे रेटेड चेस चैंपियनशिप का शुभारंभ



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मध्यप्रदेश राज्य सीनियर फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप, 2025 का शुभारंभ किया। मंत्री सारंग ने अंतर्राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी कपिल सक्सेना के साथ बड़े बोर्ड पर एक मैच खेलकर कोलार रोड, भोपाल में आयोजित इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप का न केवल औपचारिक रूप से उद्घाटन किया बल्कि शतरंज बोर्ड पर कुछ चालें भी खेलीं और यह सुनिश्चित किया कि उनके आगमन से किसी भी खिलाड़ी की एकाग्रता भंग न हो। उनका खेल भावना से भरपूर यह व्यवहार उपस्थितों को प्रेरित कर गया और हर किसी ने उनके खिलाड़ी-हितैषी दृष्टिकोण की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर मध्यप्रदेश चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील बंसल, एमपी एडहॉक कमेटी के चेयरमैन गुरमीत सिंह, आयोजन प्रमुख एवं अंतर्राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी कपिल सक्सेना, भोपाल जिला शतरंज संघ के सचिव सतपाल सिंह खनूजा विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 40 से अधिक जिलों से कुल 364 खिलाड़ी भागीदारी कर रहे हैं। यह भोपाल के शतरंज इतिहास में सबसे बड़ी भागीदारी है। प्रत्येक राउंड में रोमांच देखते ही बनता था और मैचों को देखने बड़ी संख्या में दर्शक भी प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचे तीन राउंड पूर्ण होने तक सभी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अपनी बढ़त बनाए रखने में सफल रहे हैं, जिनमें निखिलेश कुमार जैन भोपाल, मीतांश दीक्षित जबलपुर, मुकेश कुमार सक्सेना भोपाल, पियूष रंजन दुबे ग्वालियर, श्रीवास्तव कुशाग्र भोपाल, वैभव नेमा नरसिंहपुर, देवांश सिंह उज्जैन, दिशांत जैन इंदौर, फुलवानी हरीश भोपाल, सूरज चौधरी भोपाल, वेदांत भारद्वाज भोपाल सहित अन्य कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं।

# मध्यप्रदेश पुलिस के जनजागरूकता अभियान




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश पुलिस के नशे के विरुद्ध 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक चलाए गए नशे से दूरी-है जरूरी'' राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान ने अपनी व्यापकता, प्रभावशीलता तथा वृहद स्तर पर जनसहभागिता के चलते वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 57 जिलों के 1175 थानों द्वारा संचालित इस अभियान में लगभग 23 लाख लोगों ने प्रत्यक्ष सहभागिता तथा सोशल मीडिया माध्यमों से 6.35 करोड़ लोगों ने सहभागिता की। पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के सीईओ तथा प्रेसीडेंट संतोष शुक्ला ने पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा और एडीजी नारकोटिक्स के.पी. व्यंकटेश्वर राव से भेंट कर सर्टिफिकेट प्रदान किया। इस दौरान वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स संस्था की जनरल सेक्रेटरी डॉ. तिथि भल्ला तथा एडिटर अपूर्वा मेनन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। डीजीपी मकवाणा ने कहा कि प्रदेश के युवाओं और किशोरों को नशा मुक्त रखना हमारा शासकीय कर्तव्य ही नहीं नैतिक दायित्व भी है। इस अभियान के दौरान सभी पुलिस अधिकारी और कर्मचारी तथा अन्य सहयोगी विभाग, विभिन्न संगठनों के अथक प्रयास से यह अभियान जनआंदोलन बन गया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य कभी भी कोई विश्व रिकॉर्ड बनाना नहीं था बल्कि अधिक से अधिक लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना उद्देश्य था। यदि इस अभियान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है, तो यह सभी पुलिसकर्मियों, सहयोगी संस्थाओं और प्रदेश की जनता के समर्पण का परिणाम है। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के सीईओ शुक्ला ने मध्यप्रदेश पुलिस के इस अनूठे जन जागरण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान अपने उद्देश्य में सफल रहा। उन्होंने 13 सितंबर को ब्रिटिश पार्लियामेंट में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में डीजीपी मकवाणा को आमंत्रित भी किया।

# प्रदेश के सभी बांधों एवं जलाशयों की निरंतर करें निगरानी-जल संसाधन मंत्री सिलावट



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के सभी बांधों एवं जलाशयों की निरंतर निगरानी की जाए और सभी सुरक्षात्मक उपाय किए जाएं। विभाग के अधिकारी, जिला प्रशासन एवं सभी संबंधित अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करें। सभी जिलों में बाढ़ नियंत्रण कक्ष प्रभावी रूप से कार्य करें और अतिवृष्टि एवं बाढ़ की जानकारी राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष को भेजते रहें। बांधों से जल छोड़ने की जानकारी सभी संबंधियों को दी जाए और विशेष रूप से मुनादी करवाकर व अन्य साधनों से आमजन को समय से पूर्व उपलब्ध कराई जाए। मंत्री सिलावट ने शुक्रवार को मुख्य अभियंता बोधी कार्यालय स्थित राज्य बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्रदेश में वर्षा और जलाशयों में जलभराव की स्थिति की समीक्षा की। मंत्री सिलावट ने निर्देश दिए कि मानसून के इस चुनौती पूर्ण समय में पूर्ण सजगता और सक्रियता के साथ कार्य करें, जिससे प्रदेश में कोई भी अप्रत्याशित घटना न हो और न ही किसी प्रकार से जान-माल का नुकसान हो। बैठक में अपर मुख्य सचिव जल संसाधन राजेश राजौरा, मुख्य अभियंता आर डी अहिरवार सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि प्रदेश में बारिश की स्थिति अच्छी है. इस मानसून में मध्यप्रदेश में आज दिनांक तक 711.30 मि.मी. वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है, जो प्रदेश की औसत वर्षा से 59त्न अधिक है। राज्य के पूर्वी हिस्से में औसत से 62त्न अधिक एवं पश्चिमी हिस्से में औसत से 55त्न अधिक वर्षा दर्ज की गई है। विगत वर्ष आज की स्थिति में मध्यप्रदेश में वास्तविक वर्षा 480.40 मिलीमीटर दर्ज हुई थी, जो कि प्रदेश की औसत वर्षा से 8 प्रतिशत अधिक थी।

# भोपाल में एयर ट्रैवल पर ब्रेक, वजह जानकर चौंक जाएंगे




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** हवाई सफर पर मानसून का असर नजर आने लगा है। स्कूल खुलने और वेडिंग सीजन खत्म होने के कारण विमान से सफर करने वालों की संख्या कम हो गई है। एयरपोर्ट अथॉरिटी के ताजा आंकड़ों के अनुसार, जून के मुकाबले जुलाई में 20 हजार 552 यात्री कम हुए हैं। जुलाई माह में राजधानी से देश के विभिन्न शहरों की ओर आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या 1,16,123 रही। वहीं जून माह में यह संख्या 1,36,675 थी। यानी जुलाई में जून के मुकाबले 20,552 यात्री घटे हैं।

हालांकि जुलाई में एयरक्राफ्ट मूवमेंट बढ़ा है, लेकिन यात्री संख्या कम हुई है। इससे यह साफ हुआ है कि उड़ानों में पैसेंजर लोड कम हो रहा है।

## आपदा प्रबंधन के लिए छात्रों व शिक्षकों की भागीदारी बढ़ाएंगे यूजीसी पाठ्यक्रम

**भोपाल।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में डिजास्टर रिस्क रिडक्शन (डीआरआर) क्लब के गठन के साथ ही इससे जुड़े कोर्स का संचालन अनिवार्य कर दिया है। इसके तहत उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए डिजास्टर मैनेजमेंट से जुड़ी गाइडलाइन जारी कर दी है। इसका मुख्य उद्देश्य जलवायु-संबंधी जोखिम तथा आपदा-प्रबंधन में छात्रों और शिक्षकों की भागीदारी बढ़ाना है। इसमें प्रत्येक कॉलेज और विश्वविद्यालय परिसर में डीआरआर क्लब स्थापित करने की सिफारिश की गई है, जिसमें छात्र एवं शिक्षक दोनों शामिल होंगे। इन क्लबों का उद्देश्य संस्थागत स्तर पर जागरूकता बढ़ाना, क्षमता निर्माण करना और सामुदायिक जुड़ाव व लचीलेपन के मद्देनजर गतिविधियां आयोजित करना है। इसमें प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों को डिजास्टर मैनेजमेंट पर 2-क्रेडिट स्किल इनहांसमेंट कोर्स अपने अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में शामिल करना होंगे।

# जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## 3 विजेता और 3 उपविजेता टीम को किया गया पुरस्कृत



**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज के मार्गदर्शन में प्रदेश के समृद्धिशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि महापुरूषों पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से छात्रों को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय पर्यटन क्विज 2025 का आयोजन स्थानीय टाटा कालेज सीधी में किया गया। जिले के 210 शासकीय एवं निजी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों ने 630 छात्रों का प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये आनलाईन पंजीयन किया था जो कि प्रदेश में सर्वाधिक नामांकन वाले जिले में सीधी 9वे स्थान पर रहा। इन छात्रों की लिखित परीक्षा आयोजित हुई जिसमें सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 6 स्कूलों के 18 विद्यार्थी द्वारा मल्टीमीडिया क्विज राउन्ड में सहभागिता की गई।

मल्टीमीडिया क्विज के 10 राउन्ड - झटपट बोल, सोच समझकर बोल, देख परख कर बोल, तोल मोलकर बोल, क्या सही, क्या गलत, खुल जा सिम सिम, जो बोला वही धुरंधर, अब बताओ तो जाने, पारखी नजर, एम पी में सिनेमा क्विज मास्टर नेहा सिंह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौफाल के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें तीन विजेता टीम काशी उ.मा.वि.अमिलिया, शासकीय सांदीपनि मॉडल स्कूल सिहावल, सूर्या पब्लिक स्कूल अमिलिया और उप विजेता डीकेएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल घोघरा, पीएम स्कूल टिकरी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धुम्मा टीमों का चयन किया गया।

विजेता एवं उप विजेता टीम को मेडल, प्रमाण पत्र तथा प्रथम तीन विजेता टीमों को तीन दिन दो रात एवं उपविजेता तीन टीमों को दो दिन एक रात के लिए म.प्र. के किसी भी पर्यटन स्थल का भ्रमण के लिये कूपन देकर पुरस्कृत किया गया। जिसमें आवास, भोजन एवं परिवहन की व्यवस्था पर्यटन विभाग द्वारा की जाती है।

नोडल अधिकारी डॉ सुजीत कुमार मिश्र द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि पवन कुमार सिंह जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में जिला स्तरीय पर्यटन क्विज का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। गोपाल पनिका, प्रवीण शुक्ला, परसिली रिसार्ट के मैनेजर आर.पी. द्विवेदी, उत्कृष्ट विद्यालय के विजय सिंह चौहान, खुटेली के पुष्पराज सिंह, कृष्ण गिरी, प्रकाश सिंह, केके पटेल, प्रिया शुक्ला, देवेंद्र तिवारी, संजय कुमार सोनी, बालेन्दु शेखर दुबे, बीआरसीसी अंगिरा द्विवेदी, अनिल कुशवाहा, अजय मिश्रा, हेमांगद शुक्ला, प्रदीप सिंह, हरिओम शुक्ल, मॉडल स्कूल सीधी की अर्चना पांडे, राकेश रतन पांडे, मनीष शुक्ल, दिलीप पांडे, का विशेष सहयोग रहा। टाटा कालेज के संचालक इंजी. आर.बी.सिंह के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## एक ही परिवार के बीच चले लाठी-डंडे, 4 घायल; बंजारी गांव में 2 एकड़ के जमीन विवाद में भिड़े

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** जिले के जमोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम बंजारी में शनिवार दोपहर एक ही परिवार के लोग आपस में भिड़ गए। दो एकड़ जमीन को लेकर चल रहे विवाद में आठ लोगों ने एक-दूसरे पर लाठी, डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इसमें चार लोग घायल हो गए। चारों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना दोपहर करीब 1 बजे की है। गांव में रहने वाले सोनू यादव, मोनू यादव, राजू यादव, लल्लू यादव समेत आठ लोग विवादित भूमि पर ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे। इसी दौरान विरोध करने पहुंचे बुद्धसेन यादव, उनकी पत्नी सुमित्रा यादव, भैयालाल यादव और अन्य पर आरोपियों ने हमला कर दिया।

हमले में चारों को गंभीर चोट आई हैं। घायल पक्ष ने जमोड़ी थाने में लिखित आवेदन दिया है। थाना प्रभारी दिव्य प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि घायलों को तत्काल जिला अस्पताल सीधी में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी गई है। थाना प्रभारी का कहना है कि घटना में शामिल दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार उक्त जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था।

## जादू-टोने के शक में चाची की हत्या, आरोपी फरार

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली ( निप्र )।** जिले के सरई थाना क्षेत्र के महुली गांव में एक भतीजे ने अपनी चाची की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी गोविंद सिंह को शक था कि उसकी चाची मानवती सिंह जादू-टोना करती है, जिसके कारण उसे संतान नहीं हो रही है।

बरका चौकी प्रभारी नृपेंद्र सिंह ने बताया कि दोपहर लगभग 12 बजे सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर महिला का शव घर के बाहर अर्धनग्न अवस्था में पाया गया। शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सरई सामुदायिक केंद्र भेजा गया है।

**चाची पर जादू-टोने करने का शक था:** टीआई ने बताया कि जांच में पता चला है कि गोविंद सिंह की शादी को 10 साल से अधिक समय हो गया था, लेकिन उसे कोई संतान नहीं हुई। उसे लंबे समय से शक था कि उसकी चाची के जादू-टोने के कारण ही उसे बच्चे नहीं हो रहे हैं।

**सर्पदंश से भाई की मौत पर भी चाची पर शक:** एक महीने पहले गोविंद के छोटे भाई अजय की सांप काटने से मौत हो गई थी। इस घटना को भी आरोपी ने अपनी चाची से जोड़ लिया था। इन्हीं कारणों से उसके मन में गुस्सा था, जिसके चलते उसने हत्या की। फिलहाल आरोपी फरार है। पुलिस ने कई टीमें बनाकर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## दुकान से चोर ले गए 81 क्विंटल गेहूं और चावल, राशन दुकान का ताला तोड़कर चोरी; संचालक बोले-विभाग ने नहीं दिया चौकीदार



सीधी। जिले के रामपुर नैकिन विकासखंड के नैकिन गांव में शासकीय उचित मूल्य की दुकान से बड़ी चोरी हुई। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर लगभग 81 क्विंटल अनाज चुरा लिया। इसमें 26 क्विंटल गेहूं और 55 क्विंटल चावल शामिल है। यह अनाज सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को दिया जाना था।

**रेलवे रैक लेने स्टेशन गया था चौकीदार:** दुकान में अस्थायी चौकीदारी कर रहे राम सजीवन कोल ने बताया कि वह आमतौर पर रात में ड्यूटी करता है। लेकिन घटना वाली रात वह रेलवे रैक के आगमन के कारण स्टेशन गया था। इसी दौरान चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। सुबह लौटने पर दुकान का ताला टूटा और राशन गायब मिला।

**विभाग से कई बार कहने के बावजूद चौकीदार नहीं मिला:** जांच में पता चला कि इस चौकीदार की कोई सरकारी नियुक्ति नहीं थी। दुकान संचालक विष्णु बहादुर सिंह ने बताया कि विभाग से बार-बार चौकीदार की मांग की थी। लेकिन कोई व्यवस्था न मिलने पर उन्होंने अपनी जेब से चौकीदार रखा था। विभागीय लापरवाही और सुरक्षा में चूक का खामियाजा दुकानदार के साथ-साथ गरीबों को भी भुगतना पड़ा है।

**पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर:** घटना की सूचना मिलते ही रामपुर नैकिन थाना प्रभारी सुधांशु तिवारी के निर्देश पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उप निरीक्षक मोतीलाल रावत और प्रधान आरक्षक प्रसन्न मिश्रा ने स्थल का निरीक्षण किया। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने चौकीदार राम सजीवन कोल सहित राजेश कोल, दीपक कोल और राजा कोल को पूछताछ के लिए थाने बुलाया है।

## युवक का शव फंदे पर लटका मिला, काम करने जाना चाहता था मुंबई; पिता ने रोका

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** जिले के अमिलिया थाना क्षेत्र में 20 साल के युवक विकेश सोनी ने शुक्रवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। विकेश ग्राम पहाड़ी का रहने वाला था। आज शनिवार दोपहर करीब 1 बजे शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सिहावल नर्सरी हाउस भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, रात में परिजनों ने उसके शव को फंदे पर लटका देखा था। मृतक पढ़ाई पहले ही छोड़ चुका था और घर में रहकर छोटे-मोटे काम किया करता था।

**काम करने मुंबई जाना चाहता था युवक:** विकेश अपने परिवार में पांच भाइयों और चार बहनों के बीच चौथे नंबर पर था। वह मुंबई जाकर काम करना चाहता था। लेकिन उसके पिता राजकुमार सोनी ने उसे रोका था।

पिता का कहना था कि बाहर जाने की जरूरत नहीं है। सीधी में भी काम मिल जाएगा। इसी बात को लेकर घर में कहासुनी हुई थी। संभवत: इसी से आहत होकर युवक ने यह कदम उठा लिया। घटना की सूचना मिलते ही अमिलिया पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार किया। मामले की जांच जारी है और आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

### कृपया वाहन धीरे चलाएं, गाय और अन्य जीव बैठे हैं

## ब्यौहारी में गौ सेवा समिति ने बोर्ड लगाया, जिम्मेदार बोले- सही बात है



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल ( निप्र )।** ब्यौहारी में आवारा पशुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है। इससे आम जनता और स्टेट हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियां हो रही हैं। शहर के मुख्य मार्ग और बाजार क्षेत्र में मवेशियों का डेरा लगा रहता है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। शहर के कई प्रमुख इलाकों में सड़क पर बैठे मवेशियों की वजह से वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया है।

वनसुकली चौराहा, रेस्ट हाउस के सामने, बस स्टैंड और चूंदी नाका में यह समस्या विशेष रूप से गंभीर है। इन इलाकों में मवेशी इतनी बड़ी संख्या में बैठे रहते हैं कि बाइक सवारों को भी रास्ता नहीं मिलता। ब्यौहारी से होकर गुजरने वाला स्टेट हाईवे भी इसी समस्या से जूझ रहा है। दिन-रात भारी वाहन और अन्य गाड़ियां इसी मार्ग से गुजरती हैं। लेकिन सड़कों पर मवेशियों के जमावड़े के कारण यातायात बाधित होता रहता है। आवारा पशुओं के कारण कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

**प्रशासन ने नहीं हटाए मवेशी:** स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर पालिका इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। लोगों ने कई बार शिकायत की है। लेकिन आवारा पशुओं को हटाने या उनके लिए कोई उचित व्यवस्था करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हालात इतने खराब हो गए हैं कि कुछ गौ-सेवकों ने नगर परिषद के डिवाइडर पर बोर्ड लगा दिए हैं। इन पर लिखा है, मार्ग पर मवेशी बैठे हैं, कृपया वाहन धीरे चलाएं। यह बोर्ड प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। यह समस्या केवल ब्यौहारी के लिए ही नहीं, बल्कि स्टेट हाईवे से गुजरने वाले सभी यात्रियों के लिए भी एक बड़ी चुनौती बन गई है।

## अवैध शराब, नशीले सिरप के साथ दो गिरफ्तार

### मैहर पुलिस ने पकड़ा; न्यायालय ने आरोपियों को भेजा जेल



**मीडिया ऑडीटर, मैहर ( निप्र )।** जिले की अमरपाटन थाना पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर अवैध शराब और नशीले कफ सिरप के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार की शाम अमरपाटन थाना के सहायक उप-निरीक्षक अनिल त्रिपाठी को मुखबिर से सूचना मिली। इस सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के गढ़उत तालाब के पास से गुलाम मुस्तफा उर्फ बबलू को 16 नग नशीली कफ सिरप के साथ पकड़ा गया।

इसी दिन रात को सहायक उप-निरीक्षक राजू निपाने को सूचना मिली कि ग्राम भीषमपुर के पास तीन लोग दो बाइक से अवैध शराब की पिकअप कर रहे हैं। पुलिस के पहुंचने पर दो आरोपी फरार हो गए। मुख्य आरोपी अमृतलाल पटेल उर्फ अमित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तीन बोरी में 10 पेटी देसी और 4 पेटी गोवा शराब बरामद की गई।

अमरपाटन थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। पुलिस नशे के खिलाफ अभियान जारी रखेगी और अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करती रहेगी।

### शासकीय दर पर मत्स्य बीज के लिए मत्स्य विभाग में करें संपर्क

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** मत्स्य विभाग सीधी के शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्रों गोरियरा एवं जोरौंधा में पर्याप्त मात्रा में मेजर कार्प मिक्स (कतला रोहू मृगल) तथा शुद्ध कतला फ्राई मत्स्य बीज उपलब्ध है जो जिले के मत्स्यपालकों को शासकीय दर पर विक्रय किया जावेगा। खेत तालाब, बलराम तालाब, निजी तालाबों एवं शासकीय तालाबों/जलाशयों के 10 वर्षीय पट्टा धारक मत्स्य विभाग द्वारा जारी किये गए मोबाइल नंबर 7692001789 एवं 8889026748 पर अपनी डिमांड नोट करवा सकते हैं।

## मौहरिया में हरियाली यात्रा और पौध वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मध्य प्रदेश शासन के आयोजकत्व में आठ दिवसीय नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के अंतर्गत दिनांक 1 अगस्त 2025 को सिहावल विकासखंड के बहरी सेक्टर अंतर्गत आदर्श ग्राम मौहरिया में हरियाली यात्रा एवं पौधा वितरण का कार्यक्रम शंभू प्रसाद पांडे सामाजिक कार्यकर्ता के मुख्य आतिथ्य एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक शिवदत्त उर्मलिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। नवांकुर सखी द्वारा हरियाली यात्रा निकालने के साथ ही 1100 पौधों का वितरण मातृ शक्तियों को किया गया। विकासखंड समन्वयक सिहावल अनिल पाठक के साथ कार्यक्रम में नवांकुर संस्था सावन ग्राम विकास समिति मौहरिया के अध्यक्ष बृजेंद्र शुक्ला परामर्शदाता गोविंद गौतम संदीप नामदेव तथा भारी संख्या में ग्राम मौहरिया का जनसमुदाय उपस्थित रहा।

## संजय सिंह गहरवार भारतीय जनमोर्चा पार्टी के संभागीय अध्यक्ष नियुक्त



**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** भारतीय जनमोर्चा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एसके त्रिपाठी ने कहा कि पार्टी अपने बलबूते देश में प्रदर्शन करेगी। आज के समय पर जब गठबंधन का युग है ऐसे समय पर सनानती विचारधारा को लेकर तभी चला जा सकता है जब लोग इस विचारधारा को लेकर कार्य करें। इसमें वही सदस्य बनेगा जो हिन्दू राष्ट्र का समर्थक होगा। डॉ. त्रिपाठी गिरजापुर में आयोजित सभा को सम्बोधित कर रहे थे। अवसर था भारतीय जनमोर्चा पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन एवं दिव्यांग सम्मेलन के संगम का। एक ओर पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन था तो दूसरी ओर राजरानी शिक्षण संस्थान एवं दिव्यांगों की सेवा के संगठन का दिव्यांग सम्मेलन था। दोनों कार्यक्रम पृथक पृथक रूप से आयोजित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एसके त्रिपाठी रहे तो विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र राय एवं पार्टी के संस्थापक सदस्य गंगा विश्वकर्मा एवं अजय पाण्डेय रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने की।

पार्टी के सम्मेलन के अवसर पर संजय सिंह को पार्टी का रीवा संभाग का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वहीं महिला शाख की जिला सतना अध्यक्ष गीता सोनी को मनोनीत किया गया है। दूसरी ओर राजरानी डीएड कॉलेज गिरजापुर में दिव्यांग सम्मेलन में देश भर के विभिन्न राज्यों से आए लोग सम्मिलित हुए। इस सम्मेलन में संस्था की संस्थापक रानी सिंह, डायरेक्टर अजय सिंह, संचालक संजय सिंह का सम्मान किया गया। इस दोनों कार्यक्रमों में वक्ताओं ने कहा कि दिव्यांगों की सेवा सबसे बडी सेवा है और उनकी प्रगति ही देश की बडी प्रगति कही जा सकती है। साथ ही यह कहा गया कि देश में व्याप्त समस्याओं के लिए भारतीय जनमोर्चा पाटी सतत संघर्ष करती रहेगी।

# पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए ऑनलाइन भरे जा रहे आवेंदन

## कक्षा 6वी के लिए अंतिम तिथि 13 अगस्त तथा कक्षा 9 एवं 11 के लिए 23 सितम्बर




**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** सत्र 2026-27 नवोदय विद्यालय कक्षा 06, 09वीं एवं 11वीं में एडमिशन हेतु प्रवेश परीक्षा के फॉर्म ऑन लाइन भरे जा रहे हैं। कक्षा 6वीं का अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 थी, जो बढ़कर 13 अगस्त 2025 हो गई है। 9वीं और 11वीं के लिए 23 सितम्बर 2025 तक आवेदन पत्र भरे जा सकेंगे। प्रभारी प्राचार्य डॉ डीके त्रिपाठी और सुधीर सरोज न वि प्रवेश परीक्षा प्रभारी द्वारा 31-07-2025 को जिले के कई नोडल विद्यालयों में प्रचार -प्रसार कर फार्म बढ़ाने के लिए शासकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल पटपरा सीधी और सीनियर सेकेंडरी स्कूल कमर्जी सीधी के स्टाफ और स्टूडेंट ने विद्यालय के प्रति एडमिशन के लिए उत्साह जताया और अधिक से अधिक फॉर्म भरने के लिए आश्वासन दिया। अंग्रेजी शिक्षक ज्ञानेंद्र सिंह नवोदय विद्यालय चुरहट के ही एल्यूमिनी है, उन्होने बताया कि इस स्थान पर शिक्षा के क्षेत्र में जो सहयोग प्रदान कर रहे हैं उसका श्रेय पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट जिला सीधी मध्य प्रदेश का है। समस्त स्टाफ और प्रदीप सिंह प्रभारी प्राचार्य ने भी विद्यार्थियों को अधिक से अधिक फॉर्म भरने के लिए प्रोत्साहित किया।

इसके बाद नोडल विद्यालय कमर्जी का विजिट किया जिसमें सभी स्टाफ प्राचार्य के सानिध्य में विद्यार्थियों का अधिक से अधिक फॉर्म भरने के लिए प्रोत्साहित किया और प्राचार्य कृष्ण प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों और स्टाफ के साथ उत्साह और जोश में फोटोग्राफी भी कराया। समिति नई दिल्ली राजेश लखानी आई.ए.एस. आयुक्त नवोदय विद्यालय समिति हेडक्वार्टर दिल्ली और आर. के. वर्मा उप आयुक्त तथा सहायक आयुक्त दीक्षा ज्योति मिश्रा, लेख राज मीणा एवं डी. के. सिंह क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के डायरेक्शन में नवोदय विद्यालय के डायनामिक स्टाफ और कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी और अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज एवं जिला शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह, डी. पी. सी. राजेश कुमार तिवारी, और ए.पी. सी. सुजीत कुमार मिश्रा, प्रवीण कुमार शुक्ला डी. पी. सी. के सहयोग से विभिन्न विद्यालयो के ग्रामीण प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रवेश फार्म भरवाया गया।

अभी तक 2553 आवेदन भरे गए हैं। प्राचार्य के अनुरोध पर कलेक्टर सोमवंशी ने जिले में 4000 आवेदन भरवाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्राचार्य का सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, अभिभावकों से आग्रह है कि अधिक से अधिक आवेदन भरवाने का सहयोग प्रदान करें। ताकि ग्रामीण प्रतिभावान छात्र ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित हो सकें।

# गति सीमा से तेज वाहन चलाने पर सड़क दुर्घटना, राजमार्गों पर सुरक्षा मानदंडों की हो रही अनदेखी

संपादकीय

देश में जब राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया जा रहा था, तब यह उम्मीद जताई गई थी कि ये आवाजाही के सुगम और सुरक्षित मार्ग साबित होंगे। कई लेन में आने-जाने के लिए बनीं चौड़ी सड़कों ने तेज रफ्तार को मानो नए पंख दे दिए। कम समय में गंतव्य तक पहुंचने की चाह रखने वालों की बरसों पुरानी इच्छा पूरी हो गई। लोग कुछ ही घंटे में सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा पूरी करने लगे। मगर यह सुगम मार्ग सुरक्षित नहीं रहा। आज स्थिति यह है कि चालक गति सीमा तोड़ कर वाहन चलाने लगे हैं। इस दौरान वे कई नियमों की अनदेखी करते चले जाते हैं। नतीजा यह कि हादसे से बचने के लिए उन्हें ब्रेक लगाने तक का समय नहीं मिलता।

राजमार्गों पर अचानक ब्रेक लगाना न केवल चालक के लिए, बल्कि दूसरे वाहन चालकों के लिए भी जानलेवा बन जाता है। ऐसी सड़कों पर तेज रफ्तार और अचानक ब्रेक लेने से बढ़ रहे हादसों ने कई सवाल खड़े किए हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में कोयंबटूर में हुई एक दुर्घटना की सुनवाई के दौरान शीर्ष न्यायालय ने एक महत्त्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने अपने निर्णय में कहा है कि हाइवे पर बिना कोई चेतावनी दिए अचानक ब्रेक लगाना लापरवाही मानी जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला लापरवाह चालकों के लिए कड़ी चेतावनी

इसमें कोई दोराय नहीं कि कोई वाहन चालक अगर राजमार्ग पर गाड़ी रोकना चाहता है, तो पीछे आ रही गाड़ियों को संकेत देना चाहिए। शीर्ष अदालत का कहना उचित है कि आपात स्थिति में भी कोई अचानक ब्रेक लगा देता है, तो यह गैर-जिम्मेदाराना है। सामान्य स्थितियों में यह जरूरी होना चाहिए कि तेज रफ्तार वाहन ब्रेक लगाने से पहले चेतावनी संकेत दें। यों यह भी सच है कि राजमार्गों पर तेजी से वाहन दौड़ा रहे चालक आमतौर पर दूसरी गाड़ियों से सुरक्षित दूरी बना कर नहीं चलते।

यह एक सबसे खतरनाक स्थिति है। 'हाइवे रोड सेफ्टी रपट 2021' के मुताबिक राजमार्गों पर होने वाले सभी दुर्घटनाओं में 74.4 फीसद हादसे गति सीमा से अधिक वाहन चलाने के कारण होते हैं। स्पष्ट है कि राजमार्गों पर सुरक्षा मानदंडों की अनदेखी हो रही है। इन्हें और भी सख्त बनाने के साथ चालकों को भी जागरूक करने की अब जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला लापरवाह चालकों के लिए कड़ी चेतावनी है।

## 'स्व' के लिए तुलसी बाबा ने अकबर को पराभूत कर टोडरमल को सिखाया मित्र धर्म

**(विक्रम संवत् 2082, श्रावण मास, शुक्ल पक्ष सप्तमी तदनुसार 31 जुलाई को कालजयी महाकवि गोस्वामी तुलसीदास जी की 528 वीं जयंती पर विशेष)**

**डॉ. आनंद सिंह राणा**

महाकवि तुलसीदास, विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्वाभिमानी और स्वतंत्र प्रिय महाकवि गोस्वामी तुलसीदास जी की, विक्रम संवत् 2082, श्रावण मास, शुक्ल पक्ष सप्तमी तद्नुसार 31 जुलाई को 528 वीं जयंती है। अकबर ने तुलसीदास जी को नवरत्न में सम्मिलित करने के लिए कई बार प्रयास किए परंतु कालजयी महाकवि तुलसीदास ने ये कहकर पेशकश ठुकरा दी कि,

हम चाकर रघुवीर के, पटौ लिखो दरबार।
तुलसी अब क्या होंयेंगे, नर के मनसबदार।।

अकबर ने षड्यंत्रपूर्वक अपने दरबार में गोस्वामी तुलसीदास को लाने के लिए टोडरमल, बीरबल और रहीम को भेजा, परंतु असफल रहा। इसलिए अकबर ने गोस्वामी को गिरफ्तार कराया तथा उनसे अपनी गाथा रामचरितमानस जैसा लिखवाने का दवाब बनाया परंतु असफल हुआ। अकबर ने गोस्वामी तुलसीदास जी को बंदी बना लिया, जहाँ उन्होंने हनुमान चालीसा की रचना की। गोस्वामी तुलसीदास के समकालिक लिखते हैं कि हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए हनुमान जी का स्मरण किया। फलस्वरूप वानरों के समूह का आक्रमण हुआ और जनविद्रोह की स्थिति निर्मित हो गई। अतः अकबर को गोस्वामी तुलसीदास को छोड़ना पड़ा। इस तरह स्व की विजय हुई और गोस्वामी तुलसीदास की कालजयी रचना रामचरितमानस स्व के विजय की प्रतीक बनी। टोडरमल,गोस्वामी तुलसीदास जी के परम मित्र एवं अनुयायी भी थे, इसलिए अकबर ने पुनः प्रयास किया, तब गोस्वामी तुलसीदास ने टोडरमल को मित्र धर्म की परिभाषा इस प्रकार समझाते हुए जाने से मना कर दिया। गोस्वामी तुलसीदास ने किष्किन्धाकांड से उद्धृत करते हुए टोडरमल से कहा -

सच्चे और कुटिल मित्र की पहचान अतिआवश्यक है। भगवान श्रीराम ने वानरराज सुग्रीव को सन्मित्र के गुण-धर्म की व्याख्या करते हुए कहा है कि :-

जे न मित्र दुःख होहिं दुखारी।
तिन्हहि बिलोकत पातक भारी॥
निज दुःख गिरी सम रज करी जाना।
मित्रक दुःख रज मेरु समाना॥

भावार्थ :- जो लोग मित्र के दुःख से दुःखी नहीं होते, उन्हें देखने से ही बड़ा पाप लगता है। अपने पर्वत के समान विकराल दुःख को धूल के कण के समान छोटा और मित्र के धूल के कण के समान तुच्छ दुःख को भी सुमेरु पर्वत के समान बड़ा मानता है वास्तव में वही सच्चा मित्र होता है।

जिन्ह कें असि मति सहज न आई।
ते सठ कत हठि करत मिताई॥
कुपथ निवारी सुपंथ चलावा।
गुन प्रगटै अवगुनन्हि दुरावा॥

भावार्थ :- जो लोग स्वभाव से ही मन्दबुद्धि और मूर्ख होते हैं, ऐसे लोगों को आगे बढ़कर कभी किसी से मित्रता नहीं करनी चाहिए। एक अच्छा मित्र होने के लिए एक बुद्धिमान और विवेकशील मनुष्य होना भी आवश्यक है। इसका तात्पर्य यह है कि एक सच्चे मित्र का धर्म है कि वह अपने मित्र को अनुचित और अनैतिक कार्य करने से रोके, साथ ही उसे सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करें। उसके सद्गुण प्रगट करे और अवगुणों को छिपाये।

देत लेत मन संक न धरई।
बल अनुमान सदा हित करई॥
बिपति काल कर सतगुण नेहा।
श्रुति कह संत मित्र गुन एहा॥

भावार्थ :- किसी मनुष्य के पास अपरिमित धन-संपदा हो परन्तु, यदि वह आवश्यकता के समय अपने मित्र के काम ना आए तो सब व्यर्थ है। इसलिए अपनी क्षमतानुसार बुरे समय में अपने मित्र की सहायता करनी चाहिए। एक अच्छे और सच्चे मित्र की यही पहचान है कि वह दुःख और विपत्ति के समय अपने मित्र की समुचित सहायता के लिए सदैव तत्पर रहे। वेदों और शास्त्रों में कहा भी गया है कि विपत्ति के समय और अधिक स्नेह करने वाला ही सच्चा मित्र होता है।

> यह एक बानगी है एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की, जो इंसान की जिंदगी को खेल समझ रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को इंसान की मदद के लिए बनाया गया है, लेकिन जब यह तकनीक खुद खतरनाक रास्तों पर चलने लगे तो चिंतित होना लाजिमी है।

# कितना खौफनाक हो सकता है एआई!

**एम एम एस**

पिछले दिनों एलन मस्क के एआई चैटबॉट ग्रोक पर बलात्कार की धमकी देने और हिटलर की प्रशंसा करने के बाद आलोचना हो रही है, जिससे विषय-वस्तु मॉडरेशन और एआई सुरक्षा पर गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं। एलन मस्क की कंपर्नी &AI और X में एकीकृत कंपनी ने स्टैंसिल के खिलाफ हिंसक बलात्कार की धमकियां दीं, जो एक यूजर के संकेत पर आई थीं। कथित तौर पर इस प्रतिक्रिया में स्टैंसिल के घर में घुसने के विस्तृत, चरण-दर-चरण निर्देश शामिल थे।

कथित तौर पर, जवाब में डेडबोल्ट लॉक तोड़ने जैसे तरीके, लॉकपिक और लुब्रिकेंट जैसे औजार सुझाए गए थे और यहां तक कि यौन उत्पीड़न करने के निर्देश भी दिए गए थे, जिसमें एचआईवी संक्रमण से जुड़ी सावधानियां भी शामिल थीं। इन निर्देशों में स्टैंसिल के खिलाफ हिंसक बलात्कार की धमकियां भी शामिल थीं।

यह एक बानगी है एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की, जो इंसान की जिंदगी को खेल समझ रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को इंसान की मदद के लिए बनाया गया है, लेकिन जब यह तकनीक खुद खतरनाक रास्तों पर चलने लगे तो चिंतित होना लाजिमी है। हाल ही में 'द एटलांटिक' की एक रिपोर्ट ने ओपन एआई के चैट जीह्पीटी को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। रिपोर्ट का दावा किया गया है कि चैट जीपीटी ने यूजर्स को सुसाइड, खून बहाने वाले शैतानी अनुष्ठानों और यहां तक कि मर्डर जैसे गंभीर विषयों पर स्टेप-बाय-स्टेप गाइड दी।

एटलांटिक की टीम ने जब चैट जीपीटी से बाल बलिदान जैसे प्राचीन धर्मों और अनुष्ठानों पर सवाल पूछे



तो शुरुआत में सामान्य जानकारी मिली, लेकिन जैसे-जैसे बातचीत बढ़ी, चैटबॉट ने खून बहाने, खुद को चाकू से काटने और 'आत्मा को समर्पित' करने जैसी गतिविधियों के पीडीएफ टेम्पलेट तक बना दिए।

ये मामला सिर्फ ओपन एआई तक सीमित नहीं है। गूगल जेमिनी भी इस तरह का अनुचित कंटेंट जनरेट कर रहे हैं, वहीं एलन मस्क का गोर्क एआई भी इस मामले में पीछे नहीं रहा। ओपन एआई ने 'द एटलांटिक' के इंटरव्यू के अनुरोध को ठुकरा दिया, लेकिन बाद में माना कि चैटबॉट की बातचीत 'तेजी से संवेदनशील दिशा में जा सकती है'। सीईओ सैम ऑल्टमैन पहले ही कह चुके हैं कि एआई के खतरे 'तभी सामने आएंगे जब ये लोगों को नुकसान पहुंचाने लगेंगे।' हालांकि, एआई तकनीक का भविष्य बेहद रोमांचक माना जा सकता है, लेकिन यह उतना ही खौफनाक भी हो सकता है। यदि समय रहते उस पर उचित नियंत्रण न रखा जाए। जरूरत है कि लोग एआई का उपयोग करते समय सतर्क रहे और सरकारों का चाहिए कि ऐसे टूल्स के लिए मजबूत रेगुलेशन और निगरानी प्रणाली तैयार करें।

किसी गलत जवाब पर अगर ग्रोक से कहा जाए कि आप गड़बड़ कर रहे हों तो वो जवाब देता है- 'तुम लोग इंसान हो, थोड़ी-सी छूट मिलनी चाहिए, पर मुझे एआई होने के नाते थोड़ा संभलना होगा। उसूलों का सवाल है और मैं सीख रहा हूं।' ग्रोक का यह जवाब अमूमन सभी एआई टूल्स पर लागू किया जा सकता है। एआई यदि हत्या, आत्महत्या, बलि और रेप जैसे खौफनाक कार्यों को अंजाम देने के लिए प्रवृत्त करता है तो वह ऐसा कहकर अपने हाथ खड़े कर सकता है, लेकिन तब तक किसी की जिंदगी दांव पर लग चुकी होगी!

## हमास का आईडीएफ पर ट्रिपल स्ट्राइक!.. गाजा में फिर हुई इजरायली सैनिकों की मौत

**सूफी खान**

खबर है कि गाजा सिटी के दक्षिणी हिस्से में तनाव एक बार फिर चरम पर है। हमास की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि अल-कस्साम ब्रिगेड ने इजरायली सेना के बख्तरबंद वाहनों पर घात लगाकर हमला किया। हमास का कहना है कि उन्होंने विस्फोटक और रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में एक बुलडोजर को एक इजरायली सैन्य वाहन को जमीन में दफनाते हुए देखा जा सकता है। हमास के अनुसार, इस हमले में तीन इजरायली सैनिक मारे गए हैं, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। हालांकि, आईडीएफ यानी इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने केवल दो सैनिकों की मौत की पुष्टि की है। हमास और इजरायल की फौज दोनों अपने-अपने दावे कर रहे हैं। अब हालात ये हैं कि सीजफायर की कोई उम्मीद फिलहाल नजर नहीं आ रही। एक्सपर्ट कह रहे हैं कि इस तरह के हमले संघर्ष को और लंबा खींच सकते हैं और आम नागरिकों की जिंदगी और ज्यादा मुश्किल में डाल सकते हैं। हमास के लड़ाकों की आक्रामकता बता रही है कि उन्होंने खुद को फिर रिवाइव कर लिया है। वे इजरायली सैनिकों को निशाना बना रहे हैं इतना ही नहीं इजरायली सैनिकों के ठिकानों को भी उड़ा रहे हैं, जिसके चलते इजरायली सैनिकों की मौत का आंकड़ा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। खास बात ये है कि इजरायल आज तक हमास की वैसद में अपने बंधकों को ढूंढ नहीं पाया है। उसने सारे जतन करके देख लिए, हमास ने जब भी छोड़ा अपनी शर्तों पर बंधकों को छोड़ा है। यही बात इजरायल को नागवार गुजर रही है और वो गाजा में हमले पर हमलों को अंजाम दे रहा है, लेकिन फिर उसे हमास की तरफ से मुंहतोड़ जवाब मिलना शुरू हो गया है।



**कब होगा युद्ध खत्म?**– हर कोई यही चाह रहा है कि युद्ध रुक जाए, मजलूमों की जान न जाए और गाजा में फिर सब कुछ ठीक हो जाए। लेकिन इजरायल हमास के खात्मे पर अड़ा हुआ है, जिसके चलते इजरायल का भी काफी नुकसान हो रहा है। असल सच्चाई तो ये है कि 22 महीनों में भी इजरायल हमास को गाजा से खत्म नहीं कर पाया है, उसे बार बार समझौते की टेबल पर आना ही पड़ता है।

## सकारात्मकता का प्रचार प्रसार करने वाली पत्रिका विरासत

**राजेश विक्रांत**

'समाज में बदलाव की एक पहल' रूपी अभियान लेकर चल रहे बीरेंद्र शाह फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित पत्रिका विरासत का योग एवं पर्यावरण विशेषांक रागिनी बी शाह के संपादकतत्व में बेहद अनूठा और उपयोगी अंक है। जून 2025 पत्रिका का तीसरा अंक है, जिसे हम सामाजिक सरोकारों के पालन के प्रयास का जीवंत दस्तावेज कर सकते हैं। क्योंकि योग भारतीय परंपरा की एक अनमोल विरासत है जबकि पर्यावरण के प्रति आज न केवल भारत बल्कि सारी दुनिया गंभीर है कि पर्यावरण को कैसे हम स्वस्थ और स्वच्छ बनाएं।

संपादक रागिनी शाह तथा सह-संपादक डॉ वर्षा महेश एवं गीतकार एडवोकेट राजीव मिश्र 'मधुकर' तथा संपादन मंडल के सहयोग से विरासत ने योग एवं पर्यावरण पर गागर में सागर भरने का न केवल प्रयास किया है बल्कि इसे कामयाब भी करके दिखाया है।

इस पत्रिका में करें योग रहें निरोग (अमित राव पवार), दिया देहरी पर (महेश दुबे), वनांचल में राम (आशा प्रभात), एक संदेश मां के नाम ( पल्लवी रानी), विश्व शांति और पंचतत्व (सुधा दुबे), नारी विमर्श (डॉ अन्नपूर्णा श्रीवास्तव), पिता (केशव दिव्य), कविधर्म (घनश्याम अवस्थी), असफल आंदोलन (पंडित जमदग्निपुरी), विश्वास की जीत ( डॉ विद्या चौधरी), कागा (राकेश मणि त्रिपाठी), चाभी (डॉ पूनम आनंद), कब आओगी (अरुण शेखर), मां सपनों में (मदन गोपाल अकिंचन), बूढ़ा बरगद (आनंद सिंह), सोख ली (अरविंद शर्मा रही), पर्यावरण (सरिता त्रिपाठी), जिंदगी के नाम (गजानन महतपुरकर), योग संकल्प गीत (लाल बहादुर चौरसिया लाल), सच्चे सपूत (अलका गुप्ता), शराफत (अंजू गुप्ता अक्षरा), आदि इत्यादि रचनाएं समाहित की गई हैं। इसमें गजलें भी है, लेख भी है, कविताएं भी हैं, नारी विमर्श भी है, व्यंग्य भी है और कहानी भी। सभी लेखकों ने अपनी अपनी रचनाओं पर बेहद मेहनत की है। इसमें कविताओं की बहुलता है और बहुत अच्छे-अच्छे कविताएं पत्रिका में प्रकाशित की गई है। बीरेंद्र शाह फाउंडेशन की एक अप्रतिम पहल है विरासत पत्रिका, जिसके जरिए हम भरोसा करते हैं कि योग का देश-विदेश में प्रचार प्रसार और बढ़ेगा तथा हम स्वस्थ और स्वच्छ पर्यावरण के लिए एक होकर कार्य करेंगे। पत्रिका की संपादक रागिनी शाह बेहद सक्रिय साहित्यकार है उन्होंने संपादकीय में जयशंकर प्रसाद जी की पंक्तियों को उद्धरित किया है कि-

इस पथ का उद्देश्य नहीं है,
हो श्रान्त भाव में टिके रहना,
किंतु पहुंचना उस सीमा तक,
जिसके आगे राह नहीं।।

उम्मीद है कि विरासत के जरिए रचनात्मक बढ़ती जाएगी और बीरेंद्र शाह फाउंडेशन के जरिए समाज सेवा के अनुपम अभिनव कार्यों का सिलसिला निरंतर चलता रहेगा।

# निर्मला पंथ व खालसा पंथ का अंतरसंबंध

**कुलदीप चंद अग्निहोत्री**

निर्मला पंथ और खालसा पंथ में एक मौलिक अंतर है। निर्मला पंथ ज्ञान और दर्शन का मार्ग है। किसी सीमा तक इसे तुलनात्मक दर्शन का मार्ग भी कहा जाता है। यह मार्ग ज्ञान की यात्रा की निरंतरता में निरंतर यात्रा करते रहने वाले साधकों का पंथ है। यहां यात्रा का अभिप्राय सामान्य यात्रा से नहीं है, जिसमें शरीर की गतिशीलता होती है। निर्मला पंथ में यात्रा का अर्थ ज्ञान की यात्रा से है जिसमें बुद्धि और मेधा सक्रिय व गतिशील होती है, स्थूल शरीर चाहे एक ही स्थान पर स्थिर क्यों न रहे। इसके विपरीत खालसा पंथ का उद्देश्य देश व धर्म की रक्षा के लिए एक पंथ संगठित करना था जिसके सदस्य देश-धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण अर्पित करने में भी न हिचकिचाएं। जाहिर है जो संगठन सिर पर कफन बांध कर देश-धर्म की रक्षा के लिए निकलता है, वहां प्राथमिकता संख्या बल की होगी और उसके प्रशिक्षण की व्यवस्था भी उसी के अनुरूप की जाएगी

निर्मला पंथ की स्थापना के लगभग तेरह साल बाद 1699 में गुरु गोबिंद सिंह जी ने सतलुज के किनारे खालसा पंथ की स्थापना की। यमुना तट पर निर्मला पंथ का उदय हुआ था और सतलुज तट पर खालसा पंथ ने आकार ग्रहण किया था। गुरु गोबिंद सिंह जी ने ज्ञान और शौर्य के प्रतीक निर्मला पंथ व खालसा पंथ की क्रमशः यमुना और सतलुज के तट पर स्थापना करके मानों एक बार फिर सरस्वती को प्रकट कर दिया हो। निर्मला पंथ ज्ञान की सनातन परंपरा का प्रतीक था और खालसा पंथ शौर्य के तेज और प्रताप का पंथ था। लेकिन इन दोनों प्रयोगों में गुरु जी ने माध्यम उन्हीं लोगों को बनाया जिन्हें समाज ने मुख्य धारा से बाहर रखा हुआ था। निर्मला पंथ के साधक साधु गुलाब सिंह अपने ग्रंथ 'अध्यात्म रामायण' में लिखते हैं- 'गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपने सिखों को दो वर्गों में बांट दिया था। पहले वर्ग में युद्ध करने वाले शूरवीर और दूसरे वर्ग में परम विवेकी विद्वान थे जिन्हें निर्मला की संज्ञा दी गई।' निर्मला पंथ का काम मूलतः संस्कृत ग्रन्थों का पंजाबी भाषा में टीका/भाष्य प्रस्तुत करना और मौलिक रचना करना था, ताकि ज्ञान की यह गंगा समाज के किसी एक वर्ग तक सीमित न रहकर जन जन तक पहुंच सके। एक प्रश्न कई बार उठता है कि अपने शिष्यों को काशी भेजे जाने की घटना 1686 की है और खालसा पंथ की स्थापना की घटना 1699 की है, यानी निर्मला पंथ की स्थापना के लगभग तेरह वर्ष बाद बाद खालसा पंथ की स्थापना हुई। उस समय के इतिहास में खालसा पंथ का जिक्र तो मिल जाता है, लेकिन निर्मला पंथ के बारे में समकालीन ग्रंथों में कहीं जिक्र क्यों नहीं मिलता?

यह प्रश्न उचित ही है। इसका उत्तर जानने के लिए इन दोनों पंथों के अंतर और गठन की प्रक्रिया को समझना होगा। खालसा पंथ का गठन एक सार्वजनिक घटना थी। बाकायदा एक राष्ट्रीय सम्मेलन बुलाया गया था, जिसमें देश भर से लगभग एक लाख व्यक्ति पहुंचे थे। उसमें देश धर्म की रक्षा के उपाय खोजते हुए गहरा चिंतन हुआ था। उस प्रक्रिया में से खालसा पंथ की स्थापना की सार्वजनिक घोषणा गुरु गोबिंद सिंह जी ने स्वयं की थी। स्थापना की पद्धति भी न्यारी थी। विश्व के इतिहास में किसी संगठन के लिए प्राणों की आहुति मांगने की पद्धति पहली बार अपनाई गई थी और उससे भी न्यारी बात यह थी कि पांच लोग गुरुजी के मांगने पर अपने प्राण अर्पित करने के लिए तैयार हो गए थे। उनको गुरुजी ने स्वयं अमृतपान कराया और फिर उन्हीं के हाथों स्वयं अमृतपान कर खालसा पंथ में दीक्षित हुए। यह संत से सिपाही बनने की यात्रा थी। यह भारतीय इतिहास का सही अर्थों में अमृतकाल था। प्रत्येक परिवार ने यथासंभव अपना बड़ा बेटा खालसा पंथ को समर्पित कर दिया। खालसा पंथ अपने जन्म काल से ही मुगल सत्ता के सामने आ गया था। जाहिर है इससे समकालीन लेखन में खालसा पंथ की चर्चा भी हुई। इसके विपरीत निर्मला पंथ की स्थापना सार्वजनिक घटना नहीं थी। पांच लोग काशी में संस्कृत पढने के लिए भेजे गए थे। वे लगभग तेरह साल बाद विद्याध्ययन कर वापस आए। तब तक खालसा पंथ स्थापित हो चुका था। ये पांच साधु आनंदपुर में रहकर कथा कीर्तन करने लगे। कुछ नए लोगों को भी संस्कृत पढ़ाने लगे। लेकिन जल्दी ही गुरुजी को आनंदपुर छोड़ना पड़ा। उसके साथ ही ये पांच साधु और उनके कुछ नए शिष्य भी देश भर में छितर गए। ये साधु मोटे तौर पर व्यक्तिगत तौर पर ही निरंतर प्रवास में रहते हुए गुरुवाणी की कथा व प्रवचन में संलग्न रहे थे। गोबिंद सिंह जी के देह त्यागने के समय नांदेड़ में भी, ऐसा कहा जाता है, लगभग पच्चीस निर्मला पंथ के साधु विद्यमान थे। गुरुजी के देहावसान के बाद वे देश के अलग-अलग हिस्सों में चले गए। संगठित होकर स्थायी आश्रम या मठ बनाने की योजनाएं बहुत बाद की बात है। इसलिए शुरू से ही निर्मला पंथ के साधु तो थे, लेकिन खालसा पंथ की तरह उनका कोई संगठन नहीं था। संगठन के आश्रम स्थापित करने की प्रक्रिया बाद की है। यही कारण है कि एक लंबे अरसे तक निर्मला पंथ की पहचान एक संगठन के रूप में नहीं उभर पाई। लेकिन सामाजिक जीवन में कुंभ के अवसर पर हरिद्वार व अन्य स्थानों पर देश भर से साधु संतों के एकत्रित होने की परंपरा तो प्राचीन काल से चली आ रही थी। कुंभ एक प्रकार से देश भर के विद्वानों में चिंतन मनन व मंथन का आसन था। लेकिन आखिर इन दिनों साधु संतों के रहने की व्यवस्था की आवश्यकता भी तो पड़ती ही होगी। इसी आवश्यकता में साधुओं की जमात की संकल्पना निकली होगी। विभिन्न सम्प्रदायों के अखाड़े हरिद्वार व अन्य स्थानों पर पहले बने लेकिन निर्मला पंथ के साधु इस परम्परा में बाद में शामिल हुए। इसलिए उनके अखाड़े बाद की उपज है। निर्मला पंथ में जमात की शुरुआत महाराजा रणजीत सिंह के काल में दिखाई देने लगती है। निर्मला पंथ और खालसा पंथ में एक मौलिक अंतर है। निर्मला पंथ ज्ञान और दर्शन का मार्ग है। किसी सीमा तक इसे तुलनात्मक दर्शन का मार्ग भी कहा जाता है। यह मार्ग ज्ञान की यात्रा की निरंतरता में निरंतर यात्रा करते रहने वाले साधकों का पंथ है। यहां यात्रा का अभिप्राय सामान्य यात्रा से नहीं है, जिसमें शरीर की गतिशीलता होती है। निर्मला पंथ में यात्रा का अर्थ ज्ञान की यात्रा से है जिसमें बुद्धि और मेधा सक्रिय व गतिशील होती है, स्थूल शरीर चाहे एक ही स्थान पर स्थिर क्यों न रहे। इसके विपरीत खालसा पंथ का उद्देश्य देश व धर्म की रक्षा के लिए एक पंथ संगठित करना था जिसके सदस्य देश-धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण अर्पित करने में भी न हिचकिचाएं। जाहिर है जो संगठन सिर पर कफन बांध कर देश धर्म की रक्षा के लिए निकलता है, वहां प्राथमिकता संख्या बल की होगी और उसके प्रशिक्षण की व्यवस्था भी उसी के अनुरूप की जाएगी। जहां ज्ञान व दर्शन की गुत्थियों को सुलझाना है, वहां संख्या बल प्राथमिकता नहीं हो सकती। प्रशिक्षण की व्यवस्था दूसरी तरह से होगी। यही कारण था कि गुरुजी ने निर्मला पंथ की स्थापना के लिए अपने शिष्यों को विद्याध्ययन के लिए काशी जी भेजा और खालसा पंथ की स्थापना के लिए अपने शिष्यों से सिर की मांग की। निर्मला पंथ के साधकों ने ज्ञान के अमृत का पान किया और खालसा पंथ के साधकों ने तलवार के अमृत का पान किया। दोनों ने देश-धर्म की सेवा अपने-अपने तरीके से की।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त के तहत किसानों को साढ़े 20 हजार करोड रूपये की राशि अंतरित

# किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने सरकार के निरंतर प्रयास जारी: प्रतिमा बागरी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त वितरण कार्यक्रम को पीएम किसान दिवस के रूप में मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी उत्तरप्रदेश से आयोजित कार्यक्रम में देश भर के 9 करोड 70 लाख से अधिक किसानों को 20 हजार 500 करोड रूपये की सम्मान राशि का अंतरण किसानों के खाते में किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 20वीं किस्त का वितरण का सीधा प्रसारण ग्राम पंचायत, मण्डी, कृषि विज्ञान केन्द्र, एफ्पीओ, प्राथमिक कृषि ऋष्टा समितियों में भी देखा गया। सतना जिले में किसान दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र




मझगवां में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

उत्तरप्रदेश के वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिंगल क्लिक के माध्यम से देश के किसानों को पीएम सम्मान निधि की 20वीं किश्त का हस्तांतरण किया। वाराणसी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र में देखा गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए अनेकों योजनाओं पर निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में देश का किसान समृद्ध होकर विकसित भारत की ओर बढ रहा है। उन्होंने कहा कि किसान आधुनिक और उन्नति खेती से जुड सके और आधुनिकता के साथ खेती कर अपनी आय बढाये तथा विकसित भारत के संकल्प पूरा करने में अपना योगदान करें।

## हार्डवेयर पेंटस एसो की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न, शोभा यात्रा का पुष्पवर्षा से करेगी भव्य स्वागत



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** हार्डवेयर पेंटस ऐसो की कार्यकारिणी की बैठक 1 अगस्त शुक्रवार को रीवा रोड स्थित ओम प्लाजा में संस्थाध्यक्ष घनश्यामदास अच्छड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संस्था के महामंत्री विनोद गेलानी ने बताया बैठक में 15 अगस्त 2025 को ध्वजारोहण करने एवं 16 अगस्त को विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में कृष्णा जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा का अस्पताल चौक माता मंदिर के बगल में अध्यक्ष घनश्यामदास अच्छडा के प्रतिष्ठान के सामने पुष्पवर्षा कर ऐतिहासिक स्वागत करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक के अंत में संस्था के संरक्षक अशोक गुप्ता के भतीजे सुखेंद्र कुमार गुप्ता [गुड्डा] एवं सदस्य राज गुप्ता रोहित की पूज्यनीय माता ऊषा गुप्ता के स्वर्गवास होने पर 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में मुख्यरूप से अध्यक्ष घनश्यामदास अच्छडा वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता महामंत्री विनोद गेलानी कोषाध्यक्ष सनी सिरवानी संतोष अग्रवाल विनोद मंघनानी सुभाष तिवारी मोहन गुप्ता राकेश गुप्ता अनिल सचदेव दिनेश अग्रवाल प्रदीप अग्रवाल राजा माधवानी रामचंद्र अच्छडा राजा माधवानी, चिरायु घोघवानी उमेश गुप्ता आर्यन गेलानी अयान गुप्ता एवं कई सम्मानीय सदस्यगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## एसी का आउटडोर चोरी, सीसीटीवी में दो चोर कैद, कपड़ा दुकान से 28 हजार का सामान पार

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** बस स्टैंड क्षेत्र में शुक्रवार रात चोरी की वारदात सामने आई है। सुनील क्लॉथ स्टोर के बाहर लगा एयर कंडीशनर का आउटडोर यूनिट अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। चोरी की यह




घटना रात करीब 2~20 बजे हुई। एसी आउटडोर की कीमत लगभग 28 हजार रुपए आंकी गई है। दुकान संचालक सुनील लालचंदानी ने कोलगवां थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**दो चोर सीसीटीवी में कैद:** पुलिस को सौंपे गए सीसीटीवी फुटेज में दो चोरों की तस्वीर स्पष्ट रूप से कैद हुई है। दोनों युवक साइकिल पर सवार होकर दुकान के बाहर पहुंचे थे। वे कुछ ही मिनटों में चोरी कर मौके से फरार हो गए। फुटेज के आधार पर कोलगवां थाना पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## रीवा के ड्रग माफिया की अचल संपत्ति फ्रीज, 17 केस दर्ज; रीवा और कटनी में बनाई थी 2 करोड़ की प्रॉपर्टी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** पुलिस ने विंध्य क्षेत्र के सबसे बड़े कोरेक्स तस्कर विजय साहू उर्फ बुच्ची की 2 करोड़ 2 लाख रुपए की अचल संपत्ति फ्रीज की है। आरोपी 2007 से नशे की तस्करी में सक्रिय था और उस पर रीवा जिले में 17 से ज्यादा केस दर्ज हैं। 2018 से 2025 के बीच वह विंध्य में ड्रग माफिया के रूप में पहचाना जाने लगा।



**मुंबई की सफेमा कोर्ट ने जारी किया फ्रीज आदेश:** चोरहटा थाना प्रभारी ने विभिन्न विभागों की मदद से दस्तावेज और सबूत जुटाकर सफेमा कोर्ट, मुंबई में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके आधार पर कोर्ट ने विजय साहू द्वारा नशे के अवैध कारोबार से अर्जित संपत्तियों को फ्रीज करने का आदेश दिया। फ्रीज की गई संपत्तियां रीवा और कटनी शहर में हैं और आरोपी के खुद, उसकी पत्नी और साले के नाम दर्ज हैं।

**रीवा जोन की पहली ऐसी कार्रवाई:** सीएसपी डॉ. रितु उपाध्याय ने बताया कि यह रीवा जोन में पहली बार हुआ है जब किसी ड्रग तस्कर की संपत्ति को फ्रीज किया गया हो। इससे नशे के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के हौसले पस्त होंगे और युवाओं को भी चेतावनी मिलेगी कि इस रास्ते पर चलने का अंजाम सिर्फ जेल ही नहीं, संपत्ति की जब्ती भी हो सकता है।

**नशा कारोबारियों को कड़ा संदेश:** पुलिस ने कहा है कि यह कार्रवाई उन सभी को चेतावनी है जो सोचते हैं कि नशे की तस्करी से पैसा कमाया जा सकता है। अब सिर्फ गिरफ्तारी ही नहीं, अवैध तरीके से अर्जित सम्पत्ति भी जब्त की जाएगी। इससे भविष्य में नशा तस्करी में कमी आने की उम्मीद है।

## बारिश का आनंद गढ्ढों के संग

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** एक जरा सी बारिश क्या आई, सड़कें सब सरकारी हो गईं। ऐसा लगता है सड़कें बारिश की बूंदों को देखकर अपने असली रंग में आ जाती हैं। जैसे ही दो बूंदे जिंदगी की टपकी, सड़क बोली अब मैं वो नहीं जो तुमने समझा था। अब मैं वही हूं जो ठेकेदार ने बनाया, इंजीनियर ने पास किया और नेता जी फीता काटकर छोड़ा। बारिश कोई साधारण घटना नहीं होती। ये मौसम का वो टेस्ट है जो सड़क की असली डिग्री दिखा देता है। साल भर चाहे कितने ही नारियल फोड़ दिए जाएं, कंक्रीट पर मंत्र फुक दिए जाएं, पर जैसे ही बादल बरसता है, सड़कों की सारी आत्मा बहकर नाले में समा जाती है। यानी कि बारिश आते ही सड़कें सरकारी हो जाती हैं यानी कि सड़क जनता के किसी काम की नहीं, जवाबदेही की कोई उम्मीद नहीं और देखभाल केवल फाइलों और प्रेस कॉन्फ्रेंस तक सीमित।

**हेलमेट पहनिए, बारिश सरकार का विषय नहीं:** सड़कों का सरकारीकरण इतना व्यापक है कि अब वो गड्ढे खुद को डिजाइन का हिस्सा बताने लगे हैं। कोई पूछे तो कहा जाता है, वो वाटर हार्वेस्टिंग के लिए बनाए गए हैं। और अगर कोई दोपहिया चालक उनमें फिसल जाए, तो प्रशासन कहता है कि हेलमेट पहनिए, बारिश हमारा विषय नहीं। हर बार मानसून के पहले तैयारियों का ढोल पीटा जाता है। टेलीविजन पर चमकदार बाइट चलती है नगर निगम पूरी तरह तैयार पर जनता सोचती है हमें डुबोने के लिए? कुछ दिन बाद वही टेलीविजन पर ब्रेकिंग न्यूज आती है सड़क धंसी, कार गड्ढे में समाई जैसे सड़कें अब भूगर्भ शास्त्र की प्रयोगशाला बन गई हों। बारिश में सड़कें भी भावुक हो जाती हैं। कभी नाला साफ कराने का आदेश देती हैं, कभी गढ्ढों की गिनती करवाती हैं, जैसे गड्ढे कोई दुर्लभ प्रजाति हों जिनकी गड़ना जरूरी हो और जब कुछ न हो तो नेता जी कह देते हैं हमने जांच कमेटी बना दी है। जांच कमेटी उस रबर स्टैंप की तरह है जो हर बार बस नाम बदलती है, काम नहीं।

**पक्की होती उम्मीद सड़क नहीं:** जनता ही है जो इस बारिश और सड़कों के प्रेम प्रसंग में फंसकर रोज अपने जूते, वाहन और धैर्य को भिगोती है। और हर बार सोचती है शायद अगली बार सड़क सच में पक्की हो जाय, पर पक्की सिर्फ उम्मीद होती है, सड़क नहीं। लिखने का तात्पर्य यह है कि अब जब भी बारिश हो और सड़क लुप्तप्राय: अवस्था में चली जाए, तो याद रखिए ये कोई दुर्घटना नहीं, ये तो सरकारी परंपरा है, और जैसे हर परंपरा का उत्सव होता है, वैसे ही इस पिघलती सड़क उत्सव का भी आनंद लीजिए...पर गड्ढे से बचकर!

## दोहरी उम्रकैद के बंदी की जिला अस्पताल में मौत, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिला अस्पताल में हत्या और पॉक्सो एक्ट के मामले में दोहरी उम्रकैद की सजा काट रहे 45 वर्षीय कैदी राकेश की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। मृतक अस्थमा से पीड़ित था। जेल प्रशासन के अनुसार, मेढ़कानी निवासी राकेश बेटे रामेन्द्र नाथ को अक्टूबर 2005 में हत्या के एक मामले में विचाराधीन कैदी के रूप में जेल भेजा गया था। बाद में उसे इस मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। जेल में रहते हुए उसे 10 बार पैरोल का लाभ मिला।




**पॉक्सो एक्ट में उम्रकैद:** 24 फरवरी 2015 को जेल से रिहा होने के बाद राकेश ने पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध किया, जिसमें पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर वापस जेल भेज दिया। कुछ समय बाद इस मामले में भी उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गई।

**सांस लेने में तकलीफ होने पर भर्ती कराया:** 30 जुलाई को अस्थमा के कारण सांस लेने में तकलीफ होने पर राकेश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार को उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मृतक के भाई राजू को दी गई है। नियमानुसार पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## बारकोड स्कैन करते ही घर राखी लेने पहुंचेगा डाकिया

### रक्षाबंधन पर डाक विभाग संभालेगा 44 बीटों पर मोर्चा



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रक्षाबंधन के पावन पर्व में इस बार डाकघर ने बहनों को बड़ा तोहफा दिया है। अब भाईयों को राखी भेजने के लिए बहनों को डाकघर नहीं जाना होगा, सिर्फ स्कैनर से स्कैन करना होगा और पोस्टमैन घर आकर राखी का पार्सल पिकअप कर लेगा। रीवा डाक विभाग ने बहनों से इसका अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है। ताकि त्योहार पर किसी भाई की कलाई सूनी न रह जाए।

डाकघर के पोस्टमास्टर ने बताया कि राखी के खास मौके पर प्रधान डाकघर में यह सुविधा आरंभ की गई है। अब बहनों को डाकघर जाने की जरूरत नहीं होगी। बारकोड को स्कैन करने से बहनें सीधी पोस्टमास्टर से वॉट्सऐप पर जुड़ जाएंगी। पोस्टमैन खुद बहनों के घर पहुंच कर पार्सल पिकअप करेंगे। पार्सल बुक कराकर रसीद भी प्रदान करेंगे।

घर बैठे राखी सुरक्षित भाईयों के पास पहुंचाने की जिम्मेदारी डाकघर ने उठाई है। रीवा में सभी 44 बीटों पर विभाग मोर्चा संभालेगा। डाक विभाग की ओर से बताया गया कि देश के सभी प्रमुख डाक घरों में यह सुविधा प्रदान की गई है। लेकिन रीवा में बहनें इसका अधिक से अधिक लाभ ले सकें इसलिए शहर में इसका विशेष तौर से प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है।



## दो दिन से लापता युवक का खेत में निर्वस्त्र मिला शव

**सतना।** कैथा गांव में गुरुवार दोपहर को खेत में मिले निर्वस्त्र शव की पहचान 24 वर्षीय पंकज सिंगरौल के रूप में हुई है। मतरी-पतौरा, उचेहरा निवासी युवक 30 जुलाई से लापता था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि आरोपियों ने सिर के पिछले हिस्से में भारी वस्तु से वार कर और गला दबाकर युवक की हत्या की।

**बेरहमी से की गई हत्या:** पुलिस के अनुसार, शव की स्थिति से पता चलता है कि मृतक को काफी दूर तक घसीटा गया। पीठ, कमर और पैरों के साथ चेहरे, सीने और शरीर के अन्य हिस्सों पर भी चोट के निशान मिले हैं। पुलिस का मानना है कि युवक की बेरहमी से पिटाई कर हत्या की गई और शव को घटनास्थल से दूर कैथा गांव में फेंक दिया गया।

## यूथ हेल्पिंग हैंड्स ने की छात्र की मदद



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** समाजसेवी संस्था यूथ हेल्पिंग हैंड्स ने 2 अगस्त शनिवार को सतना जिले के बिरसिंहपुर के होनहार छात्र को सचिन शुक्ला को NIMCET 2025 AIR 90 के लिए माननीय संसद गणेश सिंह के द्वारा डीसी 51000 (इक्यावन हज़ार) रूपये की सहयोग राशि कलेक्टोरेट कार्यालय में भेंट की। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक रूपेश वलेचा अमित भावनानी योगेश दासानी अमित शर्मा सोमेश आहूजा संजय खिलवानी हिमांशु श्रीवास्तव राजेंद्र गुप्ता गुलाबराय नागदेव [गुल्लू] मनीष आसरानी एवं कई सदस्यगण उपस्थित रहे।

## स्मार्ट सिटी के पूर्ण कार्यों को जनोपयोगी बनाये रखने संधारण की कार्य योजना बनायें: गणेश सिंह

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक में स्मार्ट सिटी सतना के कार्यों की समीक्षा करते हुये सांसद गणेश सिंह ने कहा कि सतना स्मार्ट सिटी के पूर्ण हो गये कार्यों के संचालन और संधारण के लिये तथा कार्यों को जनोपयोगी बनाये रखने नगर निगम कार्य योजना बनाकर क्रियान्वित करे। सांसद सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को संपन्न बैठक में केंद्र प्रवर्तित योजनाओं, जिले की विकास परियोजनाओं एवं एनएचएआई, गरीब कल्याण योजना, जल जीवन मिशन, बरगी बांध के नहर निर्माण की समीक्षा की गई। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, विधायक नागौद नागेन्द्र सिंह, चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष



रामखेलावन कोल, महापौर योगेश ताम्रकार, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, कलेक्टर मैहर रानी बाटड, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह, डीएफ्ओ मयंक चांदीवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल, सुखवंती बाई बुनकर सहित विभाग प्रमुख जिला अधिकारी उपस्थित थे।

सांसद सिंह ने कहा कि स्मार्ट सिटी के काम क्वालिटी के साथ समय पर पूरे होने चाहिये। इसके लिये संबंधित विभाग और एजेंसी पर जिम्मेदारी निर्धारित करें। सतना स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट की समीक्षा में बताया गया कि 943 करोड 27 लाख रूपये लागत के कुल 74 प्रोजेक्ट में 542 करोड 25 लाख रूपये लागत के 60 प्रोजेक्ट पूरे कर लिये गये है। जबकि 401 करोड 2 लाख रूपये लागत के 14 प्रोजेक्ट कार्य प्रगतिशील है। सांसद ने कहा कि नगर निगम के सीवर प्रोजेक्ट सहित अन्य कार्यों में बरसात के समय सावधानी बरती जाये और खुदाई तथा रेस्टोरेशन का कार्य बरसात में बंद होने पर अन्य पक्के कार्य किये जा सकते हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत योजनावार लाभांवित हितग्राहियों की जानकारी लेते हुए सांसद ने इनका प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिये। बरगी बांध के दाई तट नहर के कार्यो के समीक्षा के दौरान सांसद सिंह ने कहा कि दिसंबर 2025 तक स्लीमनाबाद टनल से सतना की ओर पानी लाने में सक्षम होंगे। तब तक नागौद तक की मुख्य कैनाल को दुरूस्त रखने की कार्यवाही प्राथमिकता के रूप में करें। बारिश के दौरान निर्माण कार्यों के अतिरिक्त जो भी अडचने हों उन्हें दूर कर लिया जाये।

## मजदूर को बदमाशों ने पीटा, एसपी से शिकायत; दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** शाहपुर थाना क्षेत्र के राजाधौ गांव निवासी सुंदरलाल कोल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने थाना पुलिस पर मारपीट के मामले में कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है।



सुंदरलाल ने बताया कि गांव के ही भैयालाल प्रजापति सहित 4-5 लोगों ने उनके साथ मारपीट की। आरोपियों ने उनकी जेब से पैसे भी छीन लिए। पीड़ित ने इस घटना की लिखित शिकायत शाहपुर थाने में दर्ज कराई थी। लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

मारपीट में सुंदरलाल को गंभीर चोटें आई हैं। वह अब न तो ठीक से चल-फिर पा रहे हैं और न ही मजदूरी कर पा रहे हैं। इस कारण उनके परिवार के भरण-पोषण की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसी परेशानी के चलते वह एसपी कार्यालय तक पहुंचे हैं।

पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं।

# स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन

**खरगोन, एजेंसी।** कलेक्टर भव्या मित्तल ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और सीएम हेल्पलाइन, सिकल सेल डिजीज, टीबी मुक्त अभियान, मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम, गर्भवती महिलाओं के पंजीयन और विभाग से जुड़े अन्य विविध विषयों पर विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत जननी सुरक्षा योजना और प्रसूति सहायता की पात्र हितग्राहियों के भुगतान संबंधी प्रकरणों की समीक्षा विकासखण्डवार की गई और उनके निराकरण के निर्देश दिए गए। सिकलसेल अंतर्गत पात्र रोगियों के स्क्रीनिंग, उपचार, दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करना एवं उन्हें पेंशन योजना के कार्य तथा निमोकोकल वैक्सीन टीकाकरण का अगस्त माह में 100 प्रतिशत




लक्ष्य पूर्ति करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर मित्तल ने टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए निक्षय स्क्रीनिंग कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने भीकनगांव, भगवानपुरा झिरन्या विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत अनुसार टीबी रोगी की सूची उपलब्धता के लिए नोडल अधिकारी को कहा गया ताकि उन्हें फूड बास्केट वितरण किया जा सके।

कलेक्टर ने मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा कर मानव संसाधन, उपकरणों की उपलब्धता और प्रसव केन्द्रों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि नए प्रसव केंद्रों को माह अगस्त में क्रियाशील करने, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिला का चिन्हाकन कर उन्हें प्रोत्साहित कर संस्थागत प्रसव करवाया जावें। निजी अस्पताल के स्टॉफ का अनमोल ट्रेनिंग, ई-रुपी ट्रेनिंग, एन. बी. एस. यू क्रियाशील करने तथा महेश्वर ब्लॉक के लिए अन्य स्टॉफ की ट्रेनिंग कर क्रियाशील किये जाने के संबंध में भी निर्देश दिए।

इस दौरान शिशु मृत्यु, मात्र मृत्यु डेथ रिव्यू करने के बाद उसका डॉक्यूमेंटेशन समयावधी में पूर्ण करें। कलेक्टर ने समस्त स्थानांतरित कर्मचारियों की जॉइनिंग, रिक्त पदस्थापना स्थलों आदि की जानकारी ली।

# शहर की सड़कों के लैक स्पॉट का कलेटर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** कलेक्टर सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरकरण सिंह ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न स्थलों के सड़कों के ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया। सड़कों के ब्लैक स्पॉट में सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सोनिया मीना ने कुंज गार्डन के पास स्थित ब्लैक स्पॉट, एसपीएम रेलवे क्रॉसिंग बुधनी रोड के ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया एवं लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक यंत्री अनुराग सिंह को निर्देश दिए की तत्परता से सड़कों के इन ब्लैक स्पॉट को सुधार कर ठीक करें ताकि किसी भी प्रकार



की सड़क दुर्घटना एवं वाहन दुर्घटना से बचा जा सके। कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये कि वह शहर में स्थित और भी ब्लैक स्पॉट को प्राथमिकता से चिन्हित करें।

निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय राजस्व अधिकारी नीता कोरी, डीएसपी ट्रैफिक मिश्रा, नगर पालिका अधिकारी हिमेश्वरी पटले, जिला परिवहन अधिकारी रिंकू शर्मा एवं संबंधित अधिकारी गण उपस्थित थे।

# सहायक जेल अधीक्षक स्कूटी में रखवाए घूस के 15 हजार रु. लेने पहुंचा, पकड़ाया

**उज्जैन, एजेंसी।** खाचरौद उपजेल में बंदी से मारपीट नहीं करने के एवज में घरवालों से रखी थी 30 हजार की डिमांड लोकायुक्त संगठन उज्जैन की टीम ने शुक्रवार को खाचरौद उप जेल के सहायक अधीक्षक सुरेंद्रसिंह राणावत को 15 हजार की घूस लेते ट्रेप किया। जेल में बंदी से मारपीट नहीं किए जाने के बदले घरवालों से सहायक जेल अधीक्षक ने 30 हजार रुपए की डिमांड की थी तथा 15 हजार रुपए की एक किस्त जेल के समीप बंगले के बाहर बने टीनशेड के नीचे खड़ी स्कूटी में आवेदक से रखने को कहा था। आवेदक द्वारा रुपए स्कूटी की डिक्की में रखे जाते ही राणावत वहां पहुंचा, सामने लोकायुक्त टीम को देख उसके होश उड़ गए।

कनवरसिंह सिसोदिया निवासी गोंदिया उज्जैन 10 दिन पूर्व ही पकड़ा गया था, जिसे कोर्ट ने खाचरौद उपजेल भेजा था। यहां कनवर से सहायक अधीक्षक राणावत ने रुपए के लिए दबाव



बनाया। इस पर कनवर के परिचित जितेंद्र गोमे ने सहायक अधीक्षक राणावत की शिकायत लोकायुक्त एसपी से की। घूस मांगे जाने की शिकायत पुख्ता होते ही शुक्रवार को उज्जैन से लोकायुक्त डीएसपी दिनेशचंद्र पटेल और निरीक्षक हिना डावर ने टीम के साथ खाचरौद में ट्रेप की कार्रवाई की। सहायक अधीक्षक के बंगले के समीप टीनशेड में खड़ी उसकी स्कूटी से रुपए जब्त करते हुए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

**रुपए हाथ में लेने की बजाय स्कूटी में रखवाए :** लोकायुक्त निरीक्षक हिना डावर ने बताया राणावत ने आवेदक से रुपए बंगले के पास टीनशेड में खड़ी स्कूटी के बॉक्स में रखने को कहा। फरियादी रुपए रखकर वहां से निकल गया। इसके बाद सहायक अधीक्षक वहां स्कूटी के पास पहुंचा था, जिसे मौके पर टीम ने दबोच लिया और कार्रवाई की। निरीक्षक डावर ने कहा जैसा कि पकड़े जाने पर हर आरोपी कहता है कि मेरे रुपए नहीं है अथवा लिए है, यहीं जवाब सहायक अधीक्षक का भी था।

# साईकिल पर तिरंगा लगाकर देश में मनुष्य और प्रकृति के बीच टूटते रिश्ते जोड़ने के अभियान पर निकला युवा

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** मनुष्य और प्रकृति के बीच टूटते रिश्तों को जोड़ने के जन जागरण के लिए भिंड जिले का युवक जीतेन्द्र झा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा साइकिल पर लगाकर अखंड भारत एक यात्रा अभियान पर निकला है। शुक्रवार को युवा जीतेन्द्र झा नर्मदापुरम पहुंचा यहां टेलीफोन एक्सचेंज चौराहे पर नर्मदापुर युवा मंडल के मनीष परदेशी व संतोष मीणा ने फूल माला शाल श्रीफल से साईकिल यात्रा पर निकले युवा जीतेन्द्र का स्वागत सम्मान किया। यात्रा पर निकले झा ने बताया कि वह प्रकृति एवं जीव जंतु




प्रेमी है। हाल ही में देखा जा रहा है कि मनुष्य और प्रकृति के बीच संबंध टूटता सा जा रहा है। इन दोनों के बीच टूटे संबंधों को पुनः जोड़ने व इसके जन जागरण के लिए साइकिल से पूरे देश की यात्रा कर रहे है। इन्होंने ग्वालियर से यात्रा प्रारंभ की जो की देश के हर राज्य में जाने की योजना है। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य प्रकृति एवं प्राणियों से मनुष्य स्नेह और प्यार करें। साइकिल से यात्रा कर रहा है झा ने बताया कि यात्रा के दौरान वह जिस भी शहर में जा रहे है वहां पर्यावरण प्रेमियों का इसने मुझे मिल रहा है।

## कलेक्टर और एसपी ने किया मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का दौरा

**खरगोन, एजेंसी।** कलेक्टर भव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने अभ्युदय विश्वविद्यालय पहुंच कर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कार्यक्रम स्थल और हेलीपैड का दौरा किया तथा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर मित्तल ने कार्यक्रम स्थल पर ग्रीनरूम, साउंड, प्रकाश, पावर बैकअप, बैठक और भोजन व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। पुलिस अधीक्षक मीणा ने एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और तड़ित चालक के प्रबंध तथा ट्रैफिक व्यवस्था के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री डॉ यादव का खरगोन दौरा प्रस्तावित है, जिसमें वे अभ्युदय विश्वविद्यालय परिसर में श्रीराम दरबार मंदिर का लोकार्पण करेंगे और विश्वविद्यालय के छात्रों से संवाद करेंगे। इस दौरान कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अनुविभागीय दंडाधिकारी बीएस कलेश सहित पुलिस व जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## शाहनवाज और आसिफ पर की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**खरगोन, एजेंसी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी भव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा के प्रतिवेदन पर मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम-1990 के तहत आपराधिक गतिविधियों में लिप्त सनावद थाना क्षेत्र के सगडियावं निवासी 21 वर्षीय शाहनवाज पिता इस्माईल एवं 36 वर्षीय आसिफ पिता पिता अंजम खान पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। शाहनवाज पर 2023-24 के दौरान लडाई-झगड़ा, मारपीट, चोरी, छेड़छाड़ और विद्युत तार चोरी जैसे दस दर्जनों मामलों में एफआईआर दर्ज है, जिनकी न्यायालय में सुनवाई चल रही है। जारी आदेश में शाहनवाज को छह माह तक हर 15 दिन में थाना सनावद में हाजिरी देने और 50,000 रुपए के बंध पत्र भरने का आदेश दिया गया है।

# आकांक्षी विकासखंड बल्देवगढ़ में संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह के साथ हुआ आंकाक्षा हाट का शुभारंभ

**टीकमगढ़, एजेंसी।** जनपद पंचायत बल्देवगढ़ में आज नीति आयोग के आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले फ्रंटलाइन कर्मी एवं ब्लॉक एवं जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों को संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। साथ ही स्थानीय उत्पादों एवं हस्तशिल्प को बढ़ावा देने हेतु आकांक्षा हाट का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत टीकमगढ़ उमिता राहुल सिंह, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्याम रतन तिवारी (भक्ति तिवारी), नगर परिषद बल्देवगढ़ अध्यक्ष शालिनी मिश्रा, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।



कार्यक्रम में कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि सबसे कमजोर कड़ी को किस प्रकार उठाया जाये नीति आयोग भारत सरकार द्वारा निर्धारित 6 प्रमुख संकेतकों के माध्यम से आकांक्षी विकासखण्ड बल्देवगढ़ में कार्य किया गया है। साथ ही वर्तमान में जिस प्रकार सभी व्यक्तियों को रक्तचाप, मधुमेह जैसी बीमारी हो जाती है लेकिन उनका उन्हें पता ही चलता, उनकी जांच कराकर उनको जागरूक किया गया है, जिससे संबंधित व्यक्ति आने वाली गंभीर बीमारी से बचाया जा सकें। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सभी अधिकारी, कर्मचारियों और फ्रंट लाइन वर्करों को बधाई दी। इस दौरान जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

जिला योजना अधिकारी राम बाबू गुप्ता ने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में एक जुलाई 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक सभी आकांक्षी विकासखण्डों में सम्पूर्णता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य नीति आयोग भारत सरकार द्वारा निर्धारित 6 प्रमुख संकेतकों को संतृप्त करना था। इस कार्यक्रम के सभी 6 संकेतकों को आकांक्षी विकासखण्ड बल्देवगढ़ में संतृप्त किया गया। साथ ही उन्होंने बताया की हमारे ब्लॉक बल्देवगढ़ ने पूरे देश में संपूर्णता अभियान में बेहतर प्रदर्शन किया, जिसके लिए प्रदेश स्तर पर टीकमगढ़ जिले के कलेक्टर श्री श्रोत्रिय को 20 अगस्त 2025 को भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गोल्ड मैडल से सम्मानित किया जायेगा। तत्पश्चात विभागीय अधिकारी ने कैसे सैचुरेशन किया इस बारे में जानकारी भी दी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत उमिता राहुल सिंह तथा कलेक्टर श्रोत्रिय ने अतिथियों के साथ आकांक्षा हाट का निरीक्षण किया। इस पर अतिथियों ने कहा कि आकांक्षा हाट न केवल स्थानीय प्रतिभाओं और उत्पादों को मंच देने का प्रयास है बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक प्रभावशाली पहल भी है, इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में बल मिलेगा। कार्यक्रम में महिला स्वस्हायता समूहों, स्थानीय कारीगरों ने भाग लिया। अतिथियों ने आकांक्षा हाट से खरीददारी की इस मौके पर आकांक्षी हाट में काफी भीड़ रही। कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी पॉइंट और हुनर की छाप भी आकर्षण का केंद्र रही।

## जिले में गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**हरदा, एजेंसी।** जिले में स्वतंत्रता दिवस गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। जिला स्तर पर वीरांगना लक्ष्मीबाई मिडिल स्कूल ग्राउण्ड पर प्रातः 9 बजे से स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण सभी सार्वजनिक भवनों एवं प्रत्येक कार्यालयों में हों। राष्ट्रीय ध्वज स्वच्छ हो, ध्वजारोहण के समय आवश्यक सावधानी रखी जाए। राष्ट्रीय ध्वज गरिमापूर्ण एवं सही तरीके से फहराया जावे तथा ध्वजारोहण के समय सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होने निर्देशित किया कि जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर अध्यक्ष अथवा सरपंचों द्वारा औपचारिक रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जावे तथा राष्ट्रीय गान, मध्यप्रदेश गान कराया जावे। सभी अधिकारी सौंपे गये दायित्वों को समय पर पूर्ण करें। कलेक्टर जैन ने स्वतंत्रता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन के लिये अधिकारियों को दायित्व सौंपे है। उन्होने मैदान की व्यवस्था के लिये मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग को दायित्व सौंपा है। उन्होने व्ही.आई.पी. एवं लोकतंत्र रक्षकों की बैठक व्यवस्था के लिये कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, जल प्रदाय व्यवस्था के लिये नगर पालिका हरदा सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं शिक्षा विभाग, परेड कार्यक्रम के लिये पुलिस विभाग एवं शिक्षा विभाग, प्रभात फेरी के लिये शिक्षा विभाग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं लोकतंत्र रक्षकों की व्यवस्था के लिये राजस्व विभाग को दायित्व सौंपा है। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सा व्यवस्था के लिये चिकित्सा विभाग, पुरस्कार वितरण के लिये डी.पी.सी., शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग, मंच संचालन के लिये शिक्षा विभाग को दायित्व सौंपा गया है।

## जिले को मिले 2 शव वाहन, नगर पालिका उपाध्यक्ष ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

**हरदा, एजेंसी।** शासन द्वारा संचालित सभी शासकीय अस्पतालों में रोगी एवं दुर्घटना पीड़ितों की इलाज के दौरान मृत्यु होने पर मृतक को उनके निवास स्थल अथवा श्मशान घाट तक निःशुल्क परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा हरदा जिले को 2 शव वाहन उपलब्ध कराये गये है। शुक्रवार को नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल ने हरी झण्डी दिखाकर शव वाहन को जिला चिकित्सालय से रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, नोडल अधिकारी डॉ. गंभीर पटेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# रतलाम में जन्मदिन पार्टी में लव जिहाद का आरोप:हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने थाना घेरा, रात में फोर्स तैनात करना पड़ा

**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम में हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने एक बर्थडे पार्टी में हंगामा कर दिया। उनका कहना है कि तीन नाबालिग लड़कियां दूसरे समुदाय के दो युवकों के साथ सेलिब्रेट कर रही थीं। लव जिहाद की आशंका के चलते कार्यकर्ता वहां पहुंच गए। युवक वहां से भाग निकले। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव कर दिया। घटना शुक्रवार रात की है। दो बत्ती चौराहे पर एक होटल में सभी दोस्त जन्मदिन मना रहे थे। हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता वहां पहुंचे और लड़कियों से परिजनों को बुलाने कहा। साथ ही पुलिस को सूचना दी। रात 10 बजे तक कोई कार्रवाई नहीं हुई तो स्टेशन रोड थाने का घेराव कर दिया गया। भीड़ को देखते हुए फोर्स तैनात करना पड़ा।

**पुलिस अधिकारी भीड़ को समझाते रहे :** स्टेशन रोड थाना प्रभारी स्वराज डाबी ने



नारेबाजी कर रहे लोगों को समझाने की कोशिश की। कुछ देर में रतलाम ग्रामीण एसडीओपी किशोर पाटनवाला पहुंचे। उनका कहना था कि अगर शिकायत आती है तो कार्रवाई की जाएगी। मौके पर बच्चियों के परिजन भी पहुंच गए। उन्होंने शिकायत करने से मना कर दिया। मामला शांत नहीं होने पर डीएसपी अजय सारवान, सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, आरआई मोहन भर्रावत थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रभारी गायत्री सोनी, डीडी नगर थाना प्रभारी मनीष डाबर, माणकचौक थाना प्रभारी अनुराग यादव भी पहुंचे। थाने पर फोर्स को तैनात किया गया। रात करीब 11.30 बजे मामला शांत हुआ। सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया ने बताया कि कुछ लोग थाने पर शिकायत लेकर आए थे। फरियादी से संपर्क किया। सभी को समझाइश दी, उसके बाद सभी लोग थाने से रवाना हो गए।

**कार्यकर्ता बोले- युवकों की चेन है, पुलिस जांच करे :** हिंदू जागरण मंच के जिला कार्यकारिणी सदस्य सिद्धार्थ पंड्या ने बताया कि शुक्रवार शाम 5.30 बजे हिंदू समाज के युवाओं को जानकारी मिली थी कि लव जिहाद जैसा कार्य दो बत्ती स्थित एक जूस सेंटर पर चल रहा है। जाकर देखा तो दो मुस्लिम लड़के और तीन नाबालिग लड़कियां वहां पर मिले। पूछताछ करने पर लव जिहाद जैसा विषय लगा। थाने पर हिंदू समाज के लोगों ने कहा कि बच्चियां नाबालिग हैं, हम नहीं चाहते किसी की बच्चियों की बदनामी हो। वर्तमान में जो चल रहा है यह दो लड़के या इनकी कोई चैन हो तो पुलिस प्रशासन इसकी गहराई से जांच करे। ताकि सारी हकीकत सामने आ सके।

**जावरा में लव जिहाद के शक में युवक को पीटा :** रतलाम के जावरा में लव जिहाद के शक में हिंदूवादी संगठन के लोगों ने एक युवक की पिटाई कर दी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। घटनाक्रम शुक्रवार शाम सिटी इलाके की है। बताया जा रहा है कि एक लड़की समुदाय विशेष के युवक के घर पढ़ाई के नोट्स लेने गई थी। हिंदूवादी संगठन के लोगों को पता चला तो वे भी पहुंच गए और युवक की पिटाई कर दी।

## क्रिकेटर रिंकू सिंह को नही मिलेगी बेसिक शिक्षा विभाग की नौकरी



**लखनऊ (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह को बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत बीएसए पद पर नियुक्ति में उनकी शैक्षिक योग्यता आड़े आ रही है, जिसके चलते उनकी फाइल रोक दी गई है। इस बारे में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि आगे जो भी निर्देश होंगे, उस आधार पर कदम उठाए जाएंगे। खेलों के लिए सुविधाओं के विकास और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन को प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है।

विगत आठ सालों में एक तरफ ग्रामीण स्तर तक स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हुआ है तो दूसरी तरफ पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानजनक पुरस्कार राशि देने के साथ उन्हें सरकारी नौकरी की सुविधा दी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों के माध्यम से देश-प्रदेश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने के मामले में उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी राज्य है। इसी क्रम में एक माह पहले पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने 11 खिलाड़ियों को विभिन्न विभागों में नौकरी ऑफर किया था, जिसमें रिंकू सिंह को बेसिक शिक्षा अधिकारी के पद पर जॉइनिंग करने की संस्कृति की गई थी। रिंकू सिंह की नौकरी में सबसे बड़ी बाधा उनकी शैक्षिक योग्यता आड़े आ रही है। इस बारे में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि रिंकू सिंह की फाइल मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई थी, पर शैक्षिक योग्यता न होने से रोक दी गई है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल का कहना है कि रिंकू सिंह से उनकी शैक्षिक योग्यता के डॉक्यूमेंट प्रस्तुत करने के लिए पत्र भेजा गया था। जिसके बाद पूरी फाइल मुख्यमंत्री को संस्तुति के लिए भेजी गया थी। लेकिन शैक्षिक योग्यता की कमी के चलते फाइल रोक दी गई है।

उनका कहना है कि अभी उनके नौकरी की प्रक्रिया को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। आगे जो भी निर्देश होंगे, उससे अवगत कराया जाएगा। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार बीएसए पद पर तैनाती के लिए अभ्यर्थी को पोस्ट ग्रेजुएट होना अनिवार्य है। स्पोर्ट्स कोटा के तहत रिंकू सिंह को यह पद पर नौकरी ऑफर किया गया था मगर मौजूदा समय रिंकू सिंह केवल कक्षा आठवीं पास है। यदि इस पद पर नियुक्ति मिल भी जाती तो उन्हें सात साल के अंदर पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री हासिल करनी पड़ती। पर उनकी मौजूदा शैक्षिक योग्यता और सरकार द्वारा तय समय अवधि की सीमा में योग्यता पूरी नही हो सकती है। यही वजह है कि उनकी नियुक्ति को फिलहाल, रोक दिया गया है।

## एशिया कप से पहले टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला में खेलेगा पाकिस्तान, अफगानिस्तान और यूएई से सीरीज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान 29 अगस्त से शुरू होने वाली टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला में अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात के साथ भिड़ेगा। यह श्रृंखला सितंबर में एशिया कप से पहले खेली जाएगी, क्योंकि उपमहाद्वीप की टीमें अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी कर रही हैं। पहले मैच में पाकिस्तान का सामना पिछले साल के टी20 विश्व कप सेमीफाइनलिस्ट अफगानिस्तान से होगा। तीनों टीमें दो-दो बार आमने-सामने होंगी और शीर्ष दो टीमें 7 सितंबर को होने वाले फाइनल में पहुंचेंगी। दोनों टीमें शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 5 बार एक-दूसरे के खिलाफ खेल चुकी हैं, जिसमें पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को तीन बार हराया है, जबकि अफगानिस्तान दो बार विजयी रहा है।

पाकिस्तान इस समय वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी20आई सीरीज खेल रहा है, जहां उसे अपने पिछले मैच में बांग्लादेश से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था। इस बीच अफगानिस्तान ने आखिरी बार दिसंबर में टी20आई में हिस्सा लिया था, जब उसने जिम्बाब्वे को तीन मैचों की सीरीज में 2-1 से हराया था। यूएई भी मई में बांग्लादेश के खिलाफ यादगार टी20आईसीरीज जीत के बाद इस टूर्नामेंट में शामिल हो रहा है।

# दलीप ट्रॉफी 2025 के लिए ईस्ट जोन की टीम घोषित ईशान किशन कप्तान, अभिमन्यु उप-कप्तान

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दलीप ट्रॉफी 2025 के लिए ईस्ट जोन की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी गई है। इस टीम की कमान भारतीय टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को सौंपी गई है, जबकि अनुभवी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को उप-कप्तान बनाया गया है। टीम में कई उल्लेखनीय खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जिनमें भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, हाल ही में इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किए गए आकाश दीप, और युवा प्रतिभाशाली रियान पराग शामिल हैं। इसके अलावा, बिहार के 14 वर्षीय अंडर-19 खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को छह स्टैंडबाय खिलाड़ियों में जगह दी गई है।



**ईशान किशन ने काउंटी चैंपियनशिप में बनाए थे दो अर्धशतक :** ईशान किशन (कप्तान)- भारतीय टीम से बाहर चल रहे ईशान किशन ने हाल ही में नॉटिंघमशायर के लिए काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन-1 में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने दो अर्धशतक बनाए, जिसके चलते उन्हें ईस्ट जोन का नेतृत्व करने का मौका मिला है। किशन की कप्तानी और विकेटकीपिंग के साथ-साथ उनकी आक्रामक बल्लेबाजी टीम के लिए अहम होगी।

अभिमन्यु ईश्वरन (उप-कप्तान)- अनुभवी सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन वर्तमान में भारतीय टेस्ट टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर हैं। उनकी तकनीकी रूप से मजबूत बल्लेबाजी और अनुभव टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा।

**शमी ने आईपीएल 2025 में खेला था अपना आखिरी मैच :** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने आखिरी बार आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेला था, जहां नौ मैचों में छह विकेट लिए थे। उनका आखिरी प्रथम श्रेणी (फर्स्ट-क्लास) मैच नवंबर 2024 में रणजी ट्रॉफी में बंगाल के लिए था, और आखिरी टेस्ट जून 2023 में खेला था। शमी की अनुभवी गेंदबाजी ईस्ट जोन के लिए तुरुप का इक्का साबित हो सकती है।

**आकाश दीप :** इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किए गए तेज गेंदबाज आकाश दीप का हालिया प्रदर्शन शानदार रहा है। उनकी गति और स्विंग गेंदबाजी विपक्षी बल्लेबाजों के लिए चुनौती पेश करेगी।

**रियान पराग :** युवा ऑलराउंडर रियान पराग अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और उपयोगी ऑफ-स्पिन गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। घरेलू क्रिकेट में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन ने उन्हें इस टीम में जगह दिलाई है।

**मुकेश कुमार :** अनुभवी तेज गेंदबाज मुकेश कुमार भी टीम का हिस्सा हैं। उनकी सटीक लाइन और लेंथ विपक्षी बल्लेबाजों को परेशान कर सकती है।

**टीम के अन्य खिलाड़ी :** विराट सिंह और शरनदीप सिंह- झारखंड के ये दोनों बल्लेबाज पिछले रणजी ट्रॉफी सीजन में टॉप रन-स्कोरर थे। उनकी बल्लेबाजी मध्य क्रम को मजबूती प्रदान करेगी। मनीषी- बाएं हाथ के स्पिनर मनीषी को भी टीम में शामिल किया गया है, जो विविधता भरी गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत करेंगे।

**कुमार कुशाग्र:** युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज अपनी प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं और ईशान किशन के साथ मिलकर विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं।

**वैभव सूर्यवंशी (स्टैंडबाय):** बिहार के 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अंडर-19 क्रिकेट में अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में उनकी मौजूदगी भविष्य की संभावनाओं को दर्शाती है।

**सदीप चटर्जी का नाम नहीं होने पर सवाल :** पिछले रणजी ट्रॉफी सीजन में बंगाल के लिए शीर्ष रन-स्कोरर रहे सुदीप चटर्जी को टीम में जगह नहीं मिली है, जो एक आश्चर्यजनक निर्णय है। उनकी लगातार अच्छी बल्लेबाजी के बावजूद चयनकर्ताओं ने उन्हें बाहर रखा।

ईस्ट जोन की पूरी टीम-खिलाड़ी- ईशान किशन (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन (उप-कप्तान), संदीप पटनायक, विराट सिंह, डेनिश दास, श्रीदम पॉल, शरनदीप सिंह, कुमार कुशाग्र, रियान पराग, उत्कर्ष सिंह, मनीषी, सूरज सिंधु जायसवाल, मुकेश कुमार, आकाश दीप, मोहम्मद शमी।

## इंडिया और इंग्लैड बल्लेबाजों के बाद गेंदबाज हुए फ्लॉप

**नई दिल्ली।** भारत और इग्लैंड के बीच द ओवल में पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच खेला जा रहा है। वहीं द ओवल टेस्ट के दूसरे दिन की शुरुआत में ही भारतीय टीम 224 रन पर ढेर हो गई। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की सलामी जोड़ी ने भारतीय गेंदबाजों की बैंड बजा दी है। जैक क्रॉली और बेन डकेट ने आते ही भारतीय गेंदबाजों को आड़े हाथों लिया और 7 ओवर में ही टीम का स्कोर फिफ्टी के पार पहुंचा दिया। इसके साथ ही भारतीय टीम के माथे पर एक कलंक भी लगाया है।



टेस्ट मैचों में भारत के खिलाफ किसी सलामी जोड़ी ने सबसे ज्यादा 50+ साझेदारी का रिकॉ्ड अब सयुंकत रूप से जैक क्रॉल और बेन डकेट के नाम हो गया है। दोनों टेस्ट में अब तक 8 बार ये कारनामा कर चुके हैं। इससे पहले वेस्टइंडीज की ओपनिंग जोड़ी गॉर्डन ग्रीनिज और डेसमंड हेन्स ने भीये कारनामा किया था। इस लिस्ट में इंग्लैंड के एलेस्टेयर कुक और एंड्रयू स्ट्रॉस की ओपनिंग जोड़ी भी है। उनके अलावा ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन और जस्टिन लैंगर, बिल लॉरी और बॉब सिम्पसन भी पहले विकेट के लिए 7-7 बार अर्धशतकीय साझेदारी कर चुके हैं।

## टीम इंडिया से ड्रॉप होते ही शार्दुल ठाकुर बन गए इस टीम के कप्तान

**नई दिल्ली।** मौजूदा समय में भारत और इंग्लैंड के बीच ओवल में खेले जा रहे आखिरी टेस्ट टीम से शार्दुल ठाकुर की छुट्टी हो गई। जिसके बाद अब दलीप ट्रॉफी के लिए वेस्ट जोन टीम की कप्तानी शार्दुल ठाकुर को सौंपी गई है। ये फैसला शुक्रवार को जोनल चयन समिति द्वारा लिया गया है। दरअसल, चयन समिति ने वेस्ट जोन टीम के लिए श्रेयस अय्यर को कप्तान न बना जाने का कारण बताया कि उनकी एशिया कप में चुने जाने की संभावना है। बता दें कि, एशिया कप 9सितंबर से शुरू होना है जबकि दलीप ट्रॉफी का आगाज 28 अगस्त से बेंगलुरु में होना है।



पिछले कुछ सालों में शार्दुल ठाकुर मुंबई की रणजी ट्रॉफी में अहम योगदान दे चुके हैं। उन्होंने बल्ले और गेंद से टीम को मुश्किल हालातों में मदद की। खासतौर से पिछले दो सत्रों में जब निचले क्रम से रन निकलना जरूरी था, तब ठाकुर ने तनुष कोटियन और शम्स मुलानी के साथ मिलकर बड़ी भूमका निभाई। ये दोनों खिलाड़ी भी वेस्ट जोन टीम का हिस्सा हैं। तेज गेदंबाज तुषार देशपांडे को भी टीम में शामिल किया गया है। बता दें कि, 2025-26 घरेलू सत्र दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से शुरू होगा। सीनियर महिला अंतर-क्षेत्रीय मल्टी-डे ट्रॉफी 3 अप्रैल 2026 के साथ समाप्त होगा। रणजी ट्रॉफी सीजन 15 अक्टूबर से शुरू होने वाला है, जिसमें पहला चरण 19 नवंबर तक और सीजन का दूसरा चरण 22 जनवरी 2026 से 1 फरवरी तक चलेगा।

## जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ 5वें टेस्ट की टीम से हुए बाहर




**नई दिल्ली।** जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पांचवें टेस्ट के लिए चुनी गई भारतीय टीम से रिलीज कर दिया गा है। हालांकि, ऐसा क्यों किया गया इसकी वजह का बीसीसीआई ने खुलासा नहीं किया है।

सीरीज का पांचवां और अंतिम टेस्ट लंदन के केनिंग्टन ओवल में खेला जा रहा है। वहीं जसप्रीत बुमराह ने इस सीरीज में तीन मैच खेले और 119.4 ओवर की गेंदबाजी की। यानी कुल 718 गेंद फेंके और 14 विकेट हासिल किए। इस दौरान उन्होंने 364 रन खर्च किए और दो बार पांच विकेट हॉल भी पूरा किया। हालांकि, मोहम्मद सिराज ने उनसे ज्यादा गेंदबाजी की और वह आखिरी मुकाबला भी खेल रहे हैं। सिराज ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में भी सभी मुकाबले खेले थे।

इस सीरीज के पहले मुकाबले में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। जहां इंग्लैंड ने ऐतिहासिक रन चेस कर जीत हासिल की थी। दूसरे मुकाबले में जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया लेकिन टीम इंडिया के लिए मोहम्मद सिराज और आकाश दीप ने शानदार गेंदबाजी करते हुए भारतीय टीम को जीत दिलाई। तीसरा मुकाबला लॉर्ड्स में खेला गया और भारतीय टीम में जसप्रीत बुमराह की फिर से वापसी हुई। वह मैच भी भारतीय टीम हार गई।

## डब्ल्यूडब्ल्यूई फैंस सदमे में पहलवान की मौत के बाद हुआ चौंकाने वाला खुलासा, कैंसर की बीमारी से लड़ रहे थे



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पिछले गुरुवार को दुनिया को अलविदा कह गए डब्ल्यूडब्ल्यूई दिग्गज हल्क होगन के निधन को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। अब तक यही माना जा रहा था कि 71 साल की उम्र में उनका निधन कार्डियक अरेस्ट से हुआ था लेकिन हाल ही में सामने आई एक रिपोर्ट के मुताबिक वो लंबे समय से कैंसर से जंग लड़ रहे थे।

**कैंसर की जंग लड़ रहे थे हल्क होगन :** रिपोर्ट में बताया गया है कि हल्क होगन को एएफआईवी (अतालता) की समस्या थी जिसके कारण उनके दिल की धड़कन में लगातार उतार-चढ़ाव आ रहा था लेकिन इससे भी बड़ी बात यह है कि निधन से पहले वो ल्यूकीमिया सीएलएल नाम के एक गंभीर कैंसर से भी जूझ रहे थे। यह एक प्रकार का कैंसर है जो सफेद रक्त कोशिकाओं (वाइट ब्लड सेल्स) को प्रभावित करता है। होगन ने अपनी बीमारी को फैंस और आम जनता से छुपा कर रखा था जिससे सभी यही मानते थे कि वो पूरी तरह फिट हैं।

**गर्दन की सर्जरी के बाद बिगड़ी थी हालत :** रिपोर्ट के अनुसार मई 2025 में हुई गर्दन की सर्जरी के बाद उनकी हालत और भी ज़्यादा खराब हो गई थी। इसके बाद उन्हें दिल की समस्या हुई और 71 साल की उम्र में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। होगन की बीमारी को लेकर किसी को कोई जानकारी नहीं थी जिससे यह खुलासा उनके फैंस के लिए एक बड़ा झटका है। द हल्कस्टर% के ीनों शोज स्मैकडाउन रा और नेक्स में उन्हें श्रद्धांजलि दी। होगन के सम्मान में 10 बेल सेल्यूट का आयोजन किया गया और इस दौरान कई सुपरस्टार्स की आंखें नम थीं।

## पांचवां टेस्ट पर शास्त्री और पोंटिंग ने भारतीय टीम को बताया इंग्लैंड पर दबाव बनाने का तरीका

**ओवल (एजेंसी)।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि अगर भारत को शुक्रवार को द ओवल में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज के चल रहे पांचवें टेस्ट में वापसी करनी है तो उसे दोनों छोर से दबाव बनाने के लिए एक सख्त लाइन और लेंथ बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। लंच ब्रेक तक इंग्लैंड का स्कोर 16 ओवर में 109/1 हो गया था और वह भारत से 115 रन पीछे है। जैक क्रॉली और ओली पोप क्रमशः 52 और 12 रन बनाकर नाबाद हैं। क्रॉली ने बेन डकेट के साथ पहले विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी भी की जिन्होंने तेजी से 43 रन बनाए। भारत के तेज गेंदबाज अपनी लाइन और लेंथ पर सही पकड़ नहीं बना पाए और 21 चौके खा गए।

शास्त्री ने लंच ब्रेक के दौरान कहा, खेल आगे बढ़ गया है और भारत की धज्जियां उड़ गई हैं। उन्होंने 20 रन पर चार विकेट गंवा दिए और फिर इंग्लैंड ने इतनी तेजी से रन बनाए। यह भारत के लिए चिंताजनक है, इसलिए वे बैठकर कहेंगे, चलो इस पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि हम कहां गेंदबाजी करना चाहते हैं।बल्लेबाज अलग-अलग तरीके आजमाएंगे, लेकिन भारत को एक लाइन और लेंथ पर टिके रहना होगा और दोनों छोर पर दबाव बनाना होगा, ज्यादा कोशिश नहीं करनी होगी।



पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने भी बताया कि भारत ने इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेलने के लिए शॉर्ट-बॉल का पर्याप्त इस्तेमाल नहीं किया है। उन्होंने कहा, डकेट और क्रॉली गेंदबाजों को उनकी लेंथ से भटका सकते हैं, और मुझे नहीं लगता कि भारत ने नई गेंद से पर्याप्त फुल लेंथ गेंदबाजी की है। उन्होंने पर्याप्त बाउंसर भी नहीं फेंके हैं, जिसके बारे में हमने पिछले मैच (ओल्ड ट्रैफर्ड में) में बात की थी।

पोंटिंग ने कहा, उन्होंने बल्लेबाजों को पीछे धकेला नहीं और उन्हें सोचने पर मजबूर नहीं किया। इंग्लैंड इससे ज़्यादा कुछ और नहीं मांग सकता था। भारत के नजरिए से निराशाजनक बात यह है कि गेंद ने कितना कुछ किया है और वे उसका बिल्कुल भी इस्तेमाल नहीं कर पाए हैं। हमने पिछले 4-5 सालों में इंग्लैंड को आगे बढ़कर खेल को आगे ले जाते देखा है, और आज उन्होंने यह बखूबी किया।

### नुक्कड़ या सड़क किनारे न फेंकें कचरा

# स्वच्छता जागरूकता एक अभियान नहीं बल्कि जन आंदोलन- संजय पाण्डे

## जगदलपुर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने निरंतर चल रहा स्वच्छता जागरूकता अभियान

**मीडिया ऑडीटर, जगदलपुर (निप्र)।** इंदौर शहर की तर्ज पर जगदलपुर को भी स्वच्छता के क्षेत्र में देशभर व प्रदेश में नंबर वन बनाने के संकल्प के साथ 14 जुलाई से नगर निगम जगदलपुर द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान विगत अठारह दिनों से निरंतर चलाया जा रहा है और प्रतिदिन शहर के विभिन्न चौक-चौराहों, गलियों, मोहल्लों एवं वार्डों में जाकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत नगर निगम की टीम द्वारा नागरिकों को स्वच्छता संबंधी पाम्पलेट वितरित किए जा रहे हैं, साथ ही दुकानदारों को गीला और सूखा कचरा अलग रखने की समझाइश दी जा रही है। घर-घर जाकर लोगों से आग्रह किया जा रहा है कि वे अपने कचरे को मोहल्लों के नुक्कड़ या सड़क किनारे न फेंकें, बल्कि कचरा संग्रहण वाहनों को निर्धारित समय पर कचरा सौंपें।





नगर निगम द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार नित नए प्रयास किए जा रहे हैं कि शहरवासी गीला और सूखा कचरा पृथक रखें। साथ ही, नागरिकों को स्वच्छता के महत्व, कचरा प्रबंधन की विधि और सफाई कर्मचारियों के सहयोग के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। अभियान का मुख्य उद्देश्य जगदलपुर की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार लाना और इसे स्वच्छता में अग्रणी शहरों की श्रेणी में लाना है। इस अभियान के तहत नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। गीले और सूखे कचरे को अलग रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए जा रहे हैं। यह अभियान न सिर्फ नगर निगम की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि यह भी प्रमाणित करता है कि यदि नागरिकों का सहयोग मिले, तो कोई भी शहर स्वच्छता में देश का अग्रणी बन सकता है। आगामी दिनों में अभियान को और भी व्यापक स्तर पर संचालित किया जाएगा ताकि जनभागीदारी और भी बढ़ सके।

मालूम हो कि शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के उद्देश्य से रोजाना चलाए जा रहे स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शहर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधि, निगम अधिकारी, पार्षदगण, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित होते हैं। कार्यक्रम में महापौर संजय पाण्डे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, स्वच्छता सभापति लक्ष्मण झा, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, संजय विश्वकर्मा, सुरेश गुप्ता, राणा घोष, कलावती कसेर, पार्षद हरीश पारेख, दिलीप दास, खगेंद्र ठाकुर, कुबेर देवांगन, उर्मिला यादव, आशा साहू, पूनम सिन्हा, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर रामनरेश पांडे, विधुशेखर झा, एच वाय कुकड़े, राजेंद्र पांडे, दिनेश सराफ, राजीव निगम, धीरज कश्यप, संतोष नाग, कोटेश्वर नायडू, रंजीत पांडे, दिगंबर राव, राजपाल कसेर, देवेंद्र देवांगन, भुवनेश्वर ध्रुव, प्रकाश झा, ब्रिजेश शर्मा, पप्पू वर्मा, रोशन झा, वीरेंद्र जोशी, विवेक जैन, रितेश सिन्हा, झरना मोहंती, करमजीत कौर, रंजीता पाणिग्रही, हेमंत श्रीवास, दामोदर कुमार, रुपेश बिजोरा और शक्ति बेल भी उपस्थित रहे।

महापौर संजय पाण्डे ने कहा स्वच्छता सिर्फ अभियान नहीं, एक जनआंदोलन है। जब तक हर नागरिक की सहभागिता नहीं होगी, तब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो सकता। हमें मिलकर अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वास्थ्यवर्धक बनाना है।नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

## देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम 2 से 15 अगस्त तक तीन चरणों में होगा आयोजन

### ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग'' थीम पर केंद्रित होगा कार्यक्रम

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** देशभर की तरह छत्तीसगढ़ में भी 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम का आयोजन 02 से 15 अगस्त 2025 तक तीन चरणों में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि आमजन में देशभक्ति की भावना का विकास हो और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो। ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता- स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग'' थीम पर आधारित यह कार्यक्रम तीन चरणों में संपन्न होगा–प्रथम चरण- 02 से 08 अगस्त, द्वितीय चरण- 09 से 12 अगस्त, और तृतीय चरण- 13 से 15 अगस्त 2025 तक। अभियान के दौरान समस्त शासकीय भवनों एवं संस्थानों, आवासीय भवनों में तिरंगा फहराया जाएगा। भवनों को रोशनी से सजाया जाएगा, रंगोली बनाई जाएगी, और सेल्फी ज़ोन तैयार किए जाएंगे। कार्यक्रम की व्यापक सफलता सुनिश्चित करने हेतु पंपलेट, बैनर, स्टैंडीज़ आदि के माध्यम से स्थानीय भाषाओं में जोरदार प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यह अभियान नागरिक एकता और सामूहिक उत्सव की भावना पर आधारित है, जिसमें स्वतंत्रता के साथ-साथ स्वच्छता और जल संरक्षण के संकल्प को भी समाहित किया गया है। प्रथम चरण (02 से 08 अगस्त) के अंतर्गत विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा आर्ट से सजाया जाएगा। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिताएं, तिरंगे के स्थानीय इतिहास पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगा राखी निर्माण हेतु कार्यशालाएं एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर तीन रंगों के धागों से तिरंगे की बुनाई का प्रदर्शन भी होगा। विद्यालयों में तिरंगे के मूल्यों और उसकी भावना से प्रेरित पत्र लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

द्वितीय चरण (09 से 12 अगस्त) के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर जनसहभागिता से तिरंगा मेला और तिरंगा कंसर्ट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभाशाली व्यक्तियों और खिलाड़ियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। तिरंगा कंसर्ट में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त तिरंगा रैली, बाइक और साइकिल रैली का आयोजन भी किया जाएगा।

तृतीय चरण (13 से 15 अगस्त) में शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, होटलों, कार्यालयों, बांधों एवं पुलों पर तिरंगा फहराया जाएगा तथा रोशनी की जाएगी। इसी अवधि में स्वच्छता और जल संरक्षण से संबंधित विविध गतिविधियां भी संपन्न की जाएंगी।

''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम में जिले के अंतर्गत सार्वजनिक उपक्रमों, स्व-सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि के समस्त कर्मचारियों एवं उनके परिवारों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्पोरेट एवं निजी संगठनों को भी सीएसआर संसाधनों सहित इस अभियान में भाग लेने और सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। संस्कृति विभाग द्वारा इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य सरकार की वेबसाइटों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का उपयोग करते हुए आमजन को ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम में सक्रिय रूप से सहभागी बनने हेतु प्रेरित किया जाएगा। साथ ही ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता- स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग'' विषयक सभी गतिविधियों को वेबसाइट से लिंक कर व्यापक रूप से प्रचारित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों के सरपंचों, नगरीय निकायों के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय स्व-सहायता समूहों को तिरंगे के निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा तथा ग्राम पंचायतों में तिरंगे की बिक्री एवं वितरण के लिए केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूलों का सघन दौरा

## अनुपस्थित सहायक शिक्षिका कनिका नेताम को नोटिस जारी



**सुकमा, एजेंसी।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में गुरूवार को जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी के द्वारा छिंदगढ़ विकासखंड के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीईओ मंडावी छिन्दगढ़ विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला हमीरगढ़, प्राथमिक शाला जेमेर, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला टीपनपाल के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों को उनके विषय आधारित प्रश्न किया एवं शिक्षकों को विषयगत प्रारम्भिक ज्ञान को अधिक जोर देते हुए अध्यापन करने निर्देशित किया गया। उन्होंने स्कूलों में निःशुल्क गणवेश वितरण और मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की जाँच की। स्कूलों में साफ सफाई रखने, बच्चों को उबला पानी पिलाने, मध्याह्न भोजन मे चावल, दाल, सब्जी प्रतिदिन देने का निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला जैमेर मे एक शिक्षिका कनिका नेताम अनुपस्थित थी। जिसके कारण उन्हें स्पष्टीकरण जारी किया गया। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा माध्यमिक शाला टीपनपाल मे न्योता भोज कार्यक्रम आयोजित कराया गया।

## मंत्री राजवाड़े ने बीजापुर में की विभागीय योजनाओं की समीक्षा -अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

### महिला एवं बाल विकास मंत्री राजवाड़े

### कुपोषण में कमी लाना पहली प्राथमिकता - लक्ष्मी राजवाड़े

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बीजापुर प्रवास के दौरान विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बच्चों, महिलाओं और किशोरियों का पोषण और स्वास्थ्य बहुत जरूरी है। इसके लिए सभी अधिकारी मिलकर बेहतर काम करें। मंत्री राजवाड़े ने कहा कि कुपोषण में कमी लाना विभाग की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगले छह महीने के अंदर पोषण सुधार के लिए विशेष अभियान चलाएं। घर-घर जाकर हितग्राहियों से मिलें और पर्यवेक्षक नियमित निरीक्षण करें।

उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों तक पहुँचे, इसके लिए प्रचार-प्रसार जरूरी है। जनप्रतिनिधियों की मदद से जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाते रहें। मंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों की मरम्मत की जरूरत है, उनकी सूची बनाकर जल्द जिला प्रशासन को भेजें ताकि समय पर काम शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि छह महीने बाद वह दोबारा बीजापुर आएंगी और योजनाओं की जमीनी हकीकत का निरीक्षण करेंगी। बैठक में विभाग के संचालक पदुम सिंह एल्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी और पर्यवेक्षक शामिल रहे।



## पीएम किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत 20वीं किस्त की राशि का हुआ अंतरण, जिले के 28 हजार से अधिक किसानों को मिला लाभ

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को 20वीं किस्त की राशि का अंतरण 2 अगस्त को प्रातः 11 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से वाराणसी, उत्तर प्रदेश से वेबकास्ट के माध्यम से किया गया। यह राशि डीबीटी प्रणाली के अंतर्गत सीधे पात्र किसानों के बैंक खातों में अंतरित की गई। इस अवसर पर जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन उप संचालक कृषि इन्द्रासन सिंह पैकरा के मार्गदर्शन में कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुखमंती सिंह सभापति कृषि स्थायी समिति जिला पंचायत, रामजीत लकड़ा जिला पंचायत सदस्य तथा रविशंकर वैश्य सभापति कृषि स्थायी समिति जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ उपस्थित रहे। सुखमंती सिंह ने अपने संबोधन में किसानों को राष्ट्र की रीढ़ बताते हुए उन्हें पालनहार का दर्जा प्रदान किया और कहा कि शासन की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं का लाभ प्रत्येक कृषक तक समय पर पहुंचे, यह हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। उप संचालक कृषि पैकरा ने जानकारी दी कि जिले के कुल 28477 कृषकों को इस 20वीं किस्त के रूप में 5 करोड़ 89 लाख रुपये की राशि अंतरित की गई है। साथ ही उन्होंने अपील की कि कोई भी पात्र किसान इस योजना के लाभ से वंचित न रहे, इसके लिए सभी कृषक समय पर एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराएं और अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण करें। जिले के कई लाभान्वित किसानों ने इस योजना से प्राप्त राशि को खेती के कार्यों में उपयोगी बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया और योजना को किसानों के लिए संजीवनी बताया।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला चिकित्सालय महारानी अस्पताल की जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित

**मीडिया ऑडीटर, जगदलपुर (निप्र)।** कलेक्टर हरिस एस की अध्यक्षता में जिला चिकित्सालय महारानी अस्पताल के जीवनदीप समिति की कार्यकारिणी समिति की बैठक जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित किया गया। बैठक में पिछले कार्यकारिणी समिति की बैठक के निर्देश के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा किया गया। इसके अलावा जीवनदीप समिति जिला महारानी अस्पताल से संबंधित आवश्यकता पर चर्चा किया गया जिसमें माइक्रोबायोलॉजिस्ट के सेवावृद्धि के संबंध में, जिला अस्पताल में पैथोलॉजी लैब में अनुदान से प्राप्त मशीनों के रिएजेन्ट क्रय किये जाने, अस्पताल कादम्बिनी भवन में स्थापित 600 एलपीएम ऑक्सीजन प्लांट के मरम्मत कार्य करवाये जाने, एन.आर.सी. विभाग स्थानांतरित कर शिशु विभाग प्रारंभ करने के सबंध में चर्चा किया गया।



इसके अलावा महारानी अस्पताल में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के भर्ती, अस्पताल परिसर में देवांश होटल के सामने स्थापित दो दुकानों के दर निर्धारण, अस्पताल, कार्यालय एवं आवासीय परिसर हेतु जाने वाले मार्ग में सुरक्षा मानक अनुसार नवीन लोहे का दरवाजा तथा 360 डिग्री सी.सी.टी.वी. लगाये जाने के संबंध में चर्चा किया गया। बैठक में अस्पताल ब्लड़ सेंटर के लिए शिविर फोल्डेबल डोनर काऊच क्रय करने तथा नाक, कान, गला विभाग एवं अस्थि रोग विभाग के सुचारू कार्य संचालन हेतु आवश्यक उपकरण एवं सामग्रियों के क्रय के संबंध में चर्चा किया गया। इसके अलावा अस्पताल में विभिन्न प्रकार के डाटा एन्ट्री कार्यो के सूचारू संचालन के लिए डाटा सेंटर की व्यवस्था हेतु आवश्यकता और महारानी अस्पताल में कम्प्युटर एवं प्रिंटर के मरम्मत का कार्य, अस्पताल हमर लैब में सेंपल कलेक्शन एरिया में एल्युमिनियम पार्टिशन एवं लैब के सुरक्षा हेतु चैनल गेट एवं मरीजों के सुविधा हेतु रैम्प बनवाये जाने के लिए और जिला चिकित्सालय महारानी अस्पताल में विभिन्न आर्वतकों के भुगतान के संबंध में चर्चा किया गया। इसके साथ ही मेडिकल अपशिष्ट का बेहतर निपटान हेतु शहर के सभी नर्सिंग और अस्पतालों को निर्देशित करने के लिए सीएमएचओ को कहा गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे, सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद, सीएमएचओ डॉ संजय बसाक सहित जीवनदीप समिति के अन्य सदस्य और निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नियमों का पालन करने वालों का किया गया सम्मान

## हेलमेट बांटकर यातायात नियमों के पालन की अपील

### सड़क सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन की अभिनव पहल

**कोण्डागांव, एजेंसी।** जिला प्रशासन द्वारा आज सड़क सुरक्षा को लेकर जन जागरूकता हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन फॉरेस्ट नाका मर्दापाल तिराहा के समीप किया गया, जहाँ कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने बिना हेलमेट चलाने वाले दोपहिया वाहन चालकों को निःशुल्क हेलमेट वितरित किए। कार्यक्रम में कलेक्टर ने हेलमेट पहनने वाले जिम्मेदार वाहन चालकों और कार में सीट बेल्ट लगाकर यात्रा करने वालों की सराहना करते हुए उन्हें गुलाब का फूल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट जीवन रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कलेक्टर ने लोगों से आग्रह किया कि वे सभी यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें और न केवल अपनी, बल्कि अन्य यात्रियों और राहगीरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें।



कार्यक्रम में राहगीरों और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर कुल 50 हेलमेट वितरित किए गए, साथ ही 12 सड़क सुरक्षा मित्रों को भी हेलमेट प्रदान कर उनकी भूमिका की सराहना की गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अभिनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, जिला परिवहन अधिकारी अतुल असैया, यातायात प्रभारी मुकेश जोशी, लीड बैंक मैनेजर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## बस्तर के चहुंमुखी विकास हेतु सांसद महेश कश्यप का महत्वपूर्ण पहल रेल सुविधा और जनजातीय गौरव को लेकर केंद्रीय मंत्री को सौंपा पत्र

**मीडिया ऑडीटर, जगदलपुर (निप्र)।** बस्तर के लोकसभा सांसद महेश कश्यप ने आज केंद्रीय रेल, सूचना प्रसारण एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव को एक पत्र सौंपा। इस पत्र के माध्यम से उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बस्तर को मिली चार नई रेल परियोजनाओं की स्वीकृति पर आभार प्रकट करते हुए क्षेत्र के और अधिक समग्र विकास के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव एवं माँगें भी प्रस्तुत की हैं।



सांसद कश्यप ने लिखा कि आज़ादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि बस्तर जैसे दूरस्थ और आदिवासी बहुल क्षेत्र को राष्ट्रीय विकास योजनाओं में केंद्र सरकार ने इतनी प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की संवेदनशीलता के परिणामस्वरूप बस्तर को एक साथ चार रेल परियोजनाओं की सौगात मिली है, जो निश्चित ही आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र की दिशा और दशा को बदलने वाला साबित होगा। विशेषकर प्रस्तावित रेल लाइनें न केवल यात्री सुविधा बढ़ाएंगी, बल्कि इन इलाकों में व्यापार, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में भी गुणात्मक परिवर्तन लाएँगी।

महेश कश्यप ने यह भी कहा कि रावघाट से जगदलपुर तक स्वीकृत रेल लाइन का कार्य शीघ्र प्रारंभ हो और इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों से हो, इसके लिए उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से विशेष आग्रह किया। यह रेल मार्ग बस्तर को छत्तीसगढ़ के सभी दिशाओं के हिस्सों से जोड़ने में सहायक होगा और राज्य के आंतरिक संपर्क को नया विस्तार देगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ओडिशा के कोरापुट से प्रस्तावित रेल मार्ग को छत्तीसगढ़ के सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा से जोड़ने की मांग की। उन्होंने लिखा कि यह जोड़ न केवल भौगोलिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे सुकमा जैसे जिले को भी रेल सुविधा से जोड़ा जा सकेगा, जो अब तक ऐसे किसी भी आधारभूत ढांचे से वंचित रहा है। इससे न केवल क्षेत्रीय समावेश बढ़ेगा, बल्कि नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास की पहुँच को भी सुदृढ़ आधार मिलेगा।

सांसद महेश कश्यप ने बस्तर की सांस्कृतिक विरासत और जनजातीय अस्मिता को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने की दिशा में एक दूरदर्शी प्रस्ताव भी दिया। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश की सीमाओं से लगे जनजातीय बहुल अंचलों को समाहित करते हुए एक विशेष जनजातीय गौरव बस्तर कॉरिडोर की घोषणा की जाए।

सांसद कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो जनजातीय पुनर्जागरण की लहर चल रही है, उसी को मूर्त रूप देने के लिए बस्तर जैसे क्षेत्र आदर्श बन सकते हैं। मेरा विश्वास है कि केंद्र सरकार इन सुझावों पर शीघ्र निर्णय लेकर बस्तर के सामाजिक,आर्थिक और सांस्कृतिक विकास को नई ऊँचाई देगी।

## कौशल तिहार प्रतियोगिता के विजेताओं का कलेक्टर ने किया सम्मान

**कोण्डागांव ।** कौशल तिहार 2025 प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को गत दिवस जिला कार्यालय के सभा कक्ष में कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के द्वारा प्रमाण पत्र एवं ट्राफी प्रदाय कर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि युवाओं के तकनीकी कौशल को निखारने, प्रतिस्पर्धात्मक मंच देने और उन्हें स्वरोजगार शुरू करने के लिए हुनरमंद बनाने के लिए राज्य शासन के कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा इस पहल की शुरूआत की गई है। इसके अंतर्गत जिला कौशल विकास विभाग कोण्डागांव द्वारा कौशल तिहार 2025 के तहत 21 जुलाई 2025 से 23 जुलाई 2025 तक लाईवलीहुड कॉलेज कोण्डागांव एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोण्डागांव में जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न सेक्टर जैसे आटोमोटिव टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रीशियन इंस्टॉलेशन, फील्ड टेक्नीशियन इलेक्ट्रानिक्स एवं प्लम्बिंग सेक्टर अंतर्गत कुल 87 हितग्राहियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता 22 वर्ष से कम आयु वर्ग के बीच एवं 22 से 45 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों के बीच कराया गया था।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक / प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा विप्र एक्सप्रे प्रेस सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर छत्तीसगढ़ से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय वार्ड 14 हल्दीबाड़ी एमसीबी छत्तीसगढ़ से प्रकाशित,संपादक संदीप द्विवेदी
आर .एन .आई नं . सी टी एच आई एन /25/ए 1478 फोन नं .7974467831,9589645803, mediaauditor1@gmail .com पीआइबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार , सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा